## एक नजर

### 4 म्यूल खाताधारक गिरफ्तार



**भिलाई, 26 मार्च।** भिलाई में म्यूल खाता धारकों के मामले में रेंज साइबर थाना दुर्ग पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने म्यूल बैंक खाता धारकों के चार आरोपियों को भिलाई दुर्ग से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के बैंक खातों में कुछ ही दिनों में करोड़ों रुपए के ट्रांजेक्शन पाए गए हैं। इन चार आरोपियों के 13 म्यूल बैंक खातो में 37487193 रुपए का अवैध सायबर ठगी का रकम होना पाया गया। सभी चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि 3 मार्च 2025 को रेंज सायबर थाना दुर्ग में धारा 317 (2), 317 (4), 318 (4), 61 (2) ए बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। जिसमें बंधन बैंक शाखा स्मृति नगर भिलाई के 13 बैंक खाता धारकों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कार्रवाई की जा रही है। उपरोक्त खातों के ट्रांजेक्शन डिटेल का निरीक्षण करने पर बैंक खातो में डिस्प्यूटेड रकम 5001767 रुपए तथा कुल ठगी रकम 37487193 रुपए का लेनदेन होना पाया गया है। प्रकरण की विवेचना के दौरान सभी 13 म्यूल बैंक खातों की जानकारी बंधन बैंक शाखा स्मृति नगर भिलाई जिला दुर्ग से प्राप्त किया गया। आरोपियों ने ऐसे खाते में रकम डालवाकर ऑनलाइन फ्राड की- आरोपी अंशुल तिवारी के खाते के संबंध में पुलिस थाना सिंहगढ़ रोड जिला पुणे रोड महाराष्ट्र में ऑनलाइन फ्राड के संबंध में शिकायत दर्ज होना ज्ञात हुआ है जिसका एक्नॉलेजमेन्ट नंबर 31901250015640 है उपरोक्त खाते का ट्रांजेक्शन डिटेल का अवलोकन करने पर 21 जनवरी 2025 को 4045600 रुपए फ्राड रकम प्राप्त होना पाया गया आरोपी ललित कुमार चौहान के खाते के संबंध में पुलिस थाना-पार्क स्टीट, जिला-कोलकाता साउथ डिविजन, पंश्चिम बंगाल में ऑनलाइन फ्राड के संबंध में शिकायत दर्ज होना ज्ञात हुआ जिसका एकनालेजमेन्ट नंबर 3320250003816 है। उपरोक्त खाते का ट्रांजेक्शन डिटेल का अवलोकन करने पर 28 अक्टूबर 2024 को कुल 65000 रुपए फ्राड रकम प्राप्त होना ज्ञात हुआ। आरोपी संजय कुमार शर्मा के खाते के संबंध में पुलिस थाना करकाम जिला सोलापुर शहरी महाराष्ट्र में ऑनलाइन फ्राड के संबंध में शिकायज दर्ज होना ज्ञात हुआ है जिसका एकनालेजमेन्ट नंबर 31902250020525 है। उपरोक्त खाते का ट्राजेक्शन डिटेल का अवलोकन करने पर 31 अगस्त 2024 को 45000 रुपए फ्राड रकम प्राप्त होना ज्ञात हुआ है। उक्त आरोपियों के खातों में बहुत अधिक मात्रा में पैसों का ट्रांजेक्शन होना पाया गया है। सभी आरोपियों से पृथक पृथक पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन एवं जब्ती 01 नग चेक बुक एवं एटीएम कार्ड समक्ष जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। उपरोक्त सभी आरोपियों के द्वारा बैंक खाता नंबरो अपने-अपने नाम पर होना स्वीकार किये है। अपने-अपने बैंक खातों का उपयोग के लिये किसी दूसरे को बेचना बताया है। आरोपी अंशुल तिवारी ने बैंक खाते को स्वयं संचालन कर एचडीएफसी बैंक खाते में 1617477 रुपए ट्रांसफर कर 950000 रुपए चेक के माध्यम से आहरण करना बताया। प्रकरण के आरोपी संजय कुमार शर्मा ने कथन में अपने बैंक खाता क्रमांक 20200053214642 को बंधन बैंक स्मृति नगर भिलाई में कार्यरत कर्मचारी दीपांकर सिंह को बैंक खाते से संबंधित एटीएम कार्ड, चेकबुक एवं लिंक मोबाइल नंबर देना तथा उनके द्वारा ही खाते का उपयोग करना बताया। उपरोक्त खातों के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज अपने पास नहीं होना बताये हैं। चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।

### दो मकानों में ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई, 26 मार्च।** भिलाई जामुल थाना अंतर्गत दो सूने मकानों का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे सोने.चांदी के जेवरात सहित नगदी चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 305 ;एद्धए 331 ;4द्ध के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। जामुल पुलिस ने बताया कि ढ़ाचा भवन कुरूद निवासी शरद यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 मार्च को घर में ताला लगाकर अपने परिवार सहित लिमोरा गुण्डरदेही शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होने गया था। 24 मार्च की सुबह 8 बजे घर आकर देखा तो घर के सामने का दरवाजे का ताला टूटा था। आलमारी के लॉकर में रखे 4 नग 10 ग्राम चांदी के सिक्केए 2 नग नाक की फुल्लीए 1 नग सोने का लाकेटए 1 नग सोने का ईयर रिंगए चांदी की बिछियाए व चांदी का पायल अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था घर में ताला लगाकर मायके गई थी महिला रू जामुल पुलिस ने बताया कि कुरूद निवासी यशोदा साहू ;39 वर्षद्ध के पति आर्मी में नौकरी करते है जो राजस्थान में रहते है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 मार्च की सुबह 10ण्30 बजे घर में ताला बंद कर अपने मायके नवा रायपुर गई थी।

# सामाजिक कार्यों में साहू समाज की भूमिका सदैव प्रशंसनीय व अनुकरणीय रही है:ताम्रध्वज साहू



**समाज में हर व्यक्ति को संगठित होना चाहिए जिससे समाज की एकजुटता बढ़ेगी और समाज को एक नई ऊर्जा मिलेगी**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 26 मार्च।** ग्राम डुंडेरा में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करते हुए कहा कि साहू समाज के नागरिकों ने पहले मेरे समक्ष मांग रखी थी कि समाज के लिए एक बड़ा भवन होना चाहिए, उनकी इस मांग का सम्मान करते हुए विधायक मद से भवन निर्माण कराने की राशि स्वीकृति की और परिणाम स्वरूप आज यह भवन समाज के लोगों की सेवा व उपयोग के लिए समर्पित किया जा रहा। इस दौरान उन्होंने आगे कहा कि हम सभी को समाज हित में कार्य करना चाहिए। समाज में हर व्यक्ति को संगठित होना चाहिए, जिससे समाज की एकजुटता बढ़ेगी और समाज को एक नई ऊर्जा मिलेगी। साहू समाज एक संगठित व मजबूत समाज है तथा सामाजिक कार्यो में समाज की भूमिका सदैव प्रशंसनीय व अनुकरणीय रही है।

कार्यक्रम की शुरुआत भक्त माता कर्मा जी की पुजा अर्चना आरती की गई साथ ही नवीन साहू भवन का लोकार्पण किया गया। इसके बाद सामज द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया एवं माँ कर्मा जयंती के पूर्व संध्या पर समाज के महिलाओं द्वारा कलश यात्रा को झंडा दिखाकर ग्राम भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्षता अध्यक्ष परिक्षेत्र पुरई खिलावान साहू,पूर्व मंत्री रमशीला साहू, लक्ष्मी साहू,महापौर रिसाली शशि सिन्हा, पूर्व मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू, पूर्व एल्डरमैन तरुण बंजारे, खेम लाल साहू, रोहित धनकर,ममता यादव, तुलाराम साहू, अशोक साहू सहित ग्रामीण साहू समाज की पदाधिकारी, महिलाये बड़ी संख्या उपस्थित थे।

### नाग ने मेन्स-फिटनेस प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीत रचा नया इतिहास




**भिलाई, 26 मार्च।** शिर्डी में 24 से 26 मार्च तक संपन्न राष्ट्रीय जूनियर, सीनियर, मास्टर्स, पैरा एवं मेन्स फिटनेस बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के बॉडी बिल्डर योगेन्द्र नाग ने मेन्स-फिटनेस प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर नया इतिहास रचा है तथा कोच प्रदीप झा (पूर्व मिस्टर छत्तीसगढ़ व राष्ट्रीय पदक विजेता बॉडी बिल्डर) के मार्ग दर्शन में शानदार उपलब्धि हासिल की है । योगेंद्र नाग ने पहली बार किसी राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में पदक जीता है। योगेन्द्र नाग ने सम्पूर्ण भारत में रजत पदक जीतकर अपने कोच प्रदीप झा, छत्तीसगढ़ राज्य एवं छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन का गौरव बढ़ाया है । उक्त प्रतियोगिता में अश्वन सोनवानी पैरा बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त किया है, इन्होंने पहले भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं ।



# पर्यावरण संरक्षण व खेलकूद के लिए संरक्षित होगा मैदान

**उतई,26 मार्च।** ग्राम डुमरडीह में डुन्डेरा मार्ग किनारे स्थित मैदान पर्यावरण संरक्षण एवं खेलकूद के लिए संरक्षित होगा इसके लिए उक्त खेल मैदान को संरक्षित करने एवं इसके चारों ओर वृक्षारोपण कर आसपास को आक्सीजोन के रूप में विकसित करने ग्राम पंचायत डुमरडीह सरपंच धर्मेन्द्र बंजारे ने आज श्रीफल तोड़कर पीपल व बादाम के पौधे रोपित कर इसकी शुरुआत की उन्होंने कहा इस मैदान में डुमरडीह सहित आसपास ग्राम के खिलाड़ी भी अभ्यास करते हैं मैदान के आसपास पौधरोपण होने से खिलाड़ियों को एक स्वच्छ वातावरण मिलेगाइस दौरान ग्राम के उपसरपंच कोमल बंजारे, कुंदन मधुकर, हीराधर कोसरे , जसवंत कुर्रे, हरीश चक्रधारी, पर्यावरण हितवा संगवारी रोमशंकर यादव, मनीष खिलाड़ी, संजय साहू, जेबा खान,विकास साहू, दिनेश बंजारे, झलक साहू, लोमेश गायकवाड़, कृष्णासिंह, तिलक,मोतीलाल साहू, चेतना ठाकुर, दिव्या साहू, सरिता बाग मुगा साहू, तरुण देवांगन, राहुल यादव सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व पर्यावरण प्रेमी मौजूद थे

# भाजपा नेता जितेंद्र वर्मा एवं योगेश निक्की भाले ने पेशनरों को भरोसा दिलाया मांग पूरी होगी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



उतई, 26 मार्च। जगन्नाथ स्वामी मंदिर प्रांगण अखरा में आयोजित छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज पाटन तहसील के वार्षिक सम्मलेन में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा निवर्तमान जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, अध्यक्षता अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पेशनर्स समाज पाटन हीरा सिंह वर्मा, विशेष अतिथी नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज रायपुर चेतन भारती जी , मुख्य न्यासी जगन्नाथ मंदिर अखरा अमरचंद वर्मा जी के गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। वार्षिक सम्मेलन में दिवंगत पेंशनर्स सेवा निवृत शिक्षक स्व. भुवन लाल वर्मा, स्व. कोमल धुरन्धर एवं अन्य दिवगंतो को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों के पेंशनर्स एवं उपस्थित अतिथियों का सम्मान कार्यक्रम के माध्यम से किया गया।

जितेंद्र वर्मा निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी की बीच आकर मैं गौरवन्वित हूँ। आप सभी ने अपनी कर्मठता और लगन से विभिन्न विभागों में सेवा प्रदान कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है, आप सभी के सेवाभाव को मैं वंदन करता हूँ। आप सभी का स्नेह, सहयोग एवं आशीर्वाद सदैव बना रहे यही कामना करता हूँ। आज आप सभी लाखों नागरिकों के पथ प्रदर्शक हैं,एक अत्यंत हर्ष का विषय है की पूर्व मे पेंशनर्स समाज के द्वारा डोम शेड निर्माण का माँग रखा गया था आप सभी के आशीर्वाद से मैंने मंडी बोर्ड से राशि स्वीकृत कराया है इस बार भी आप लोग के द्वारा पेंशनर्स भवन के उपर अतिरिक्त कमरा और हॉल निर्माण का माँग रखा गया है मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूँ की इसके लिए भी पूरा प्रयास करूँगा।योगेश निक्की भाले नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आज इस कार्यक्रम में अनुभव और उम्र में सबसे छोटा मैं ही हूँ और इस कार्यक्रम में मैं आप सभी से आशीर्वाद और मार्गदर्शन लेने आया हूँ। आप सभी ने मुझे इस कार्यक्रम का हिस्सा बनाया वह मेरा सौभाग्य हैं। आप सभी के मार्गदर्शन, सहयोग और आशीर्वाद से मैं जनता पुरे कर्मठता के साथ सेवा करुंगा। आप सभी का अनुभव हर भावी पीढ़ी के लिए खजाना हैं। इस अवसर पर पाटन मंडल अध्यक्ष श्रीमती रानी बंछोर, केशव बंछोर, माधव प्रसाद वर्मा पार्षद केवल देवांगन, मनोज वर्मा छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज पाटन तहसील के पदाधिकारी नोहर सिंह वर्मा, इंद्र कुमार वर्मा, विष्णु कुमार वर्मा, अलखराम वर्मा, टी. आर. देवांगन, भास्कर सवार्नी, के. पी. हिरवानी, कमला सेन, बुधवंतीन ठाकुर, भागवत प्रसाद वर्मा, सीताराम वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य एवं गणमान्यजन प्रमुख रुप से उपस्थित थे।




### सर्वश्रेष्ठ संयंत्रों एवं इकाइयों समेत उत्कृष्ट कार्मिकों को किया गया सम्मानित

**भिलाई, 26 मार्च ।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह के दौरान सेल कॉर्पोरेट उत्कृष्टता पुरस्कार 2023 और 2024 प्रदान किए। यह पुरस्कार कंपनी के उन संयंत्रों एवं इकाइयों और कार्मिकों को प्रदान किया गया, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में असाधारण योगदान और प्रदर्शन किया। इस समारोह के दौरान 11 श्रेणियों में 25 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश समेत सेल के निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे, जो कार्मिकों से जुड़ाव और उत्कृष्टता के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# आयुक्त ने सांसद निधि से निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया




**भिलाई, 26 मार्च ।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में ओम शांति ओम चौक से लेकर हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी चौंक तक सड़क सीमेंटीकरण का कार्य सांसद निधि से किया जा रहा है। एक अच्छी व्यवस्थित सड़क की आवश्यकता को देखते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय द्वारा अपने सांसद मद से सड़क सीमेंटीकरण हेतु 40 लाख रूपये, सड़क पर विद्युतीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 40 लाख रूपयें की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके गुणवत्ता एवं कार्य की शीघ्रता का अवलोकन करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे एवं अभियंतागणों के साथ मौके पर पहुंचे। निर्माणाधीन एजेंसी को भी बुलाया गया था, एजेंसी के कर्मचारियो को चल रहे कार्य को समय अवधि में गुणवत्ता को ध्यान में रखकर पूर्ण करने का निर्देश दिए। यह भी चेताया कि निर्माणाधीन सीमेंट की सड़क तभी मजबूत रहेगी, जब उसमें बराबर पानी की तराई की जावें। तराई नहीं होने के कारण सड़क बीच से फट जाता है, मजबूती भी कम हो जाती है। इसके साथ ही सड़क का धार-कोर को भी जांच किया गया। यह भी सही नहीं होने पर जब गाड़ी का पहिया उस पर पड़ता है, तो टूट जाता है। वार्ड क्रं. 23 घांसीदास नगर में अधोसरंचना मद के 44 लाख की लागत से सड़क सीमेंटीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। वार्ड क्रं. 23 में कुछ निवासियों द्वारा सड़क के ऊपर मलवा डालकर सड़क बाधित किया गया था, उसे जोन राजस्व सहायक अधिकारी को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किए। उसके बाद निर्माणाधीन सार्वजनिक शौचालय, एस.एल.आर.एम. सेंटर आदि का भी अवलोकन किए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, उपअभियंता अर्पित बंजारे, जोन के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, सुपरवाइजर अंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे।



### भिलाई-चरोदा निगम महापौर ने किया संपदा विभाग के कार्यों का निरीक्षण

**भिलाई चरोदा।** नगर पालिक निगम भिलाई-03 चरौदा कार्यालय के संपदा विभाग में सोमवार को महापौर निर्मल कोसरे ने पहुंचकर विभागीय कामकाज का निरीक्षण किया। इस दौरान भू-भाटक पटाने वालों की जानकारी से कोसरे को उपस्थित कर्मचारियों द्वारा अवगत कराया गया। साथ ही फ्री होल्ड के प्राप्त आवेदनों पर की गयी कार्यवाही सहित लंबे समय से भू-भाटक नहीं पटाने वालों की संख्यात्मक जानकारी एक दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश महापौर निर्मल कोसरे द्वारा दिये गये। महापौर परिषद के सदस्य पार्षद वार्ड क्रमांक-26 मोहन साहू, संपदा लिपिक ललित चन्द्राकर सहायक ग्रेड-03 सुनीता चन्द्राकर एवं जनसंपर्क प्रभारी विकास चन्द्र त्रिपाठी मौके पर मौजूद रहे।

# सिंधू भवन में झूलेलाल जयंती का आयोजन 30 मार्च को:अम्बवानी



**भिलाई, 26 मार्च ।** सिंधी ब्रादर मंडल सेक्टर 4 की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष जय कुमार अम्बवानी की अध्यक्षता संपन्न हुयी जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सिंधी समाज के इष्ट देव साईं झूलेलाल ( वरुण देव) की जयंती 30 मार्च को सिंधू भवन में धूमधाम से मनाई जायेगी।। कमेटी द्वारा लिए निर्णय के अनुसार सुबह 9 ञ्30 बजे सेक्टर 4 चौक में ठंडा शरबत व प्रसाद वितरण किया जाएगा, शाम को 7 बजे से झूलेलाल आरती प्रारंभ होगी, 7 ञ्30 बजे से ख्याति प्राप्त म्यूजिकल पार्टी द्वारा गीत संगीत का कार्यक्रम है । कार्यक्रम की विशेषता पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों, ऐसे छात्र, व्यक्ति, महिला का भी सम्मान किया जायेगा जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में, खेल कूद में समाज का नाम रोशन किया है । समाज के सदस्यों के लिए रात्रि भोज व ठंडाई की व्यवस्था भी की गई है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जी डी जसवानी, अध्यक्षता ए सी छबलानी, अतिथि के डी वाधवानी व सुरेश रत्नानी, विशेष आमंत्रित डी नानकानी, सुनील आहूजा। कार्यक्रम के प्रभारी राकेश नागदेव व संजय होतवानी, शरबत वितरण के लिए विशेष टीम में नरेश माखिजानी, हरीश आर्य, गुलशन माधवानी, जी आर भाटिया, संतोष मेहरचंदानी, भोजन व्यवस्था राजकुमार खटवानी, ठाकुर साधवानी, मनोहर मलकानी, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी सुरेश नागदेव, रमेश लालवानी, श्रीमती कीर्ति आर्य, मंजू हेमराजनी व आंचल गोकलानी, कार्यक्रम सलाहकार व दान राशि संग्रह टीम उद्धव दास दावड़ा, अजय सचदेव, अशोक मूलचंदानी व दिलीप खटवानी, भवन व मंदिर सजावट प्रभारी श्रीमती भावना मलकानी व मीना नागदेव, प्रसाद वितरण श्रीमती निशा अंबवानी व गीता साधवानी। महासचिव मनोहर मलकानी ने जानकारी दी की कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी विभागों की टीम बनाकर जिम्मेदारी दी गई है और सभी तैयारी ने जूट गए हैं, साथ ही सदस्यो से आग्रह किया गया है कि झूलेलाल जयंती में समय से पधारें ।



### निगम मुख्य कार्यालय के सामने फाउन्टेन बना आकर्षण का केन्द्र

**भिलाई, 26 मार्च ।** नगर पालिक निगम भिलाई नेशनल हाईवे के समीप होने के कारण वहां से आने जाने वाले नागरिकों के लिए फव्वारा लगाया गया है। फव्वारे में अलग-अलग रंगो के एल.ई.डी. लाइट लगाया गया है। फव्वारा चालू होते ही लाईट के साथ पानी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के संज्ञान में आया कि निगम मुख्य कार्यालय के सामने बना फौव्वारा लम्बे समय से बंद पड़ा है। जिसे पुनः चालू कर दिये जाने से आकर्षण का केन्द्र बन जाए। जिससे नागरिक फौव्वारा के सामने खड़े होकर सेल्फी भी ले सकते हैं। आयुक्त पाण्डेय ने भवन संधारण विभाग को निर्देशित किये कि बंद पड़े फौव्वारा को शीघ्र संधारण कराकर चालू किया जाये। निगम का फौव्वारा नेशनल हाईवे से लगे होने के कारण आने वाले नागरिको का ध्यान जब फौव्वारे पर पड़ता है। तो वो भी फौव्वारा के करीब आकर सेल्फी लेते है और रंग-बिरंगी लाईट को देखकर मनोरंजन का आनंद लेते हैं।

# ग्लेशियर पृथ्वी पर मीठे पानी का सबसे बड़ा भंडार:कविश्वर




**भिलाई, 26 मार्च ।** विश्व जल दिवस-2025 के अवसर पर द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा तकनीकी प्रस्तुतीकरण एवं समूह परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता वैज्ञानिक, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर प्रशांत कविश्वर ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित विषय ग्लेशियर संरक्षण पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि ग्लेशियर पृथ्वी पर मीठे पानी का सबसे बड़ा भंडार हैं और जलवायु संतुलन में इनकी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने उत्तराखंड एवं हिमाचल प्रदेश में अपने अध्ययन का उल्लेख करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ जैसे मैदानी क्षेत्र में रहकर भी कार्बन उत्सर्जन में कमी कर ग्लेशियर संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। सतत जल प्रबंधन- समस्याएं एवं चुनौतियां विषय पर आयोजित समूह परिचर्चा में अन्य गणमान्य विशेषज्ञों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। जिनमें विशेष रूप से विभागाध्यक्ष (भूगर्भ शास्त्र एवं जल प्रबंधन, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर), डॉ. निनाद बोधनकर, मुख्य महाप्रबंधक (पॉवर फेसिलिटी-बीएसपी), राजीव पाण्डेय, मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता-बीएसपी) सुनील सिंघल, मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवा एवं सीएसआर-बीएसपी) उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक प्रभारी (पर्यावरण प्रबंधन विभाग-बीएसपी) श्रीमती उमा कटोच, महाप्रबंधक प्रभारी (जल प्रबंधन विभाग-बीएसपी) जे पी सिंह, महाप्रबंधक (पर्यावरण प्रबंधन-बीएसपी) के प्रवीण शामिल थे। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष, भूगर्भ शास्त्र एवं जल प्रबंधन, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, डॉ. निनाद बोधनकर ने की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जल संरक्षण पर विशेषज्ञों के बीच गंभीर विमर्श का मंच बना है और इससे प्राप्त ज्ञान और सुझावों से जल संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल संभव होगी। विशेषज्ञ वक्ता के रूप में मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय ने कहा कि जल का विवेकपूर्ण उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि आपदा के समय एक परिवार 2-3 बाल्टी पानी में काम चला सकता है, जबकि सामान्य स्थिति में वही परिवार 2-3 हजार लीटर पानी का उपयोग करता है। उन्होंने ताप विद्युत संयंत्रों में जल उपयोग और इसमें आई तकनीकी प्रगति की जानकारी दी तथा मरोदा बांध में प्रस्तावित सौर ऊर्जा संयंत्र के जल संरक्षण में महत्व को रेखांकित किया। मुख्य महाप्रबंधक सुनील सिंघल ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र में इस्पात उत्पादन प्रक्रिया में जल का उपयोग मुख्यतः कूलिंग, डीस्केलिंग, कोक क्वेंचिंग एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण गतिविधियों में होता है। महाप्रबंधक प्रभारी श्रीमती उमा कटोच ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एवं वर्तमान उपयोग दर को देखते हुए वर्ष 2050 तक जल की उपलब्धता आधी हो सकती है। महाप्रबंधक प्रभारी जे पी सिंह ने कहा कि 1986-87 में सूखे के कारण भिलाई इस्पात संयंत्र लगभग बंद होने की स्थिति में पहुंच गया था, किंतु इसके बाद जल संरक्षण हेतु कई ठोस कदम उठाए गए। स्वागत भाषण मानसेवी सचिव, द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा बसंत साहू ने प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व मानसेवी सचिव, डॉ. नागेन्द्र त्रिपाठी तथा का संचालन सुश्री निधि शुक्ल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व निदेशक, मेकॉन रांची, मिथिलेश देशमुख, अध्यक्ष, द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा पुनीत चौबे, अध्यक्ष, आईआईपीई छत्तीसगढ़ चैप्टर ए. एन. सिंह, राज्य शासन एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी, द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा एवं आईआईपीई छत्तीसगढ़ चैप्टर के सदस्य तथा भिलाई-दुर्ग के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

**भिलाई, 26 मार्च ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह एवं प्रदर्शनी का आयोजन 22 से 28 मार्च तक किया जा रहा हैं। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने इस सप्ताह व्यापी कार्यक्रम का 22 मार्च को सुरक्षा ध्वज फहराकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा, महाप्रबंधक प्रभारी समीर रॉय चौधरी, महाप्रबंधक संजय कुमार अग्रवाल, कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा साथ ही बड़ी संख्या में विभागीय कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक उपस्थित थे।

## एक नजर

### सीआरसी ठाकुरटोला में क्षेत्रीय पैरेंट्स मीटिंग का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव 26 मार्च।** सीआरसी ठाकुरटोला में अभिभावकों को जागरूक करने



एवं सशक्त बनाने के लिए दो दिवसीय क्षेत्रीय परेंट्स मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश से अभिभावक शामिल हुए। क्षेत्रीय परेंट्स मीटिंग में विभिन्न शासकीय योजनाओं, बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, अभिभावकों की चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### कोपेडीह में अवैध शराब बनाकर बेचने वाले पर पुलिस ने की कार्रवाई

**भखारा, 26 मार्च।** जिले में अवैध कारोबारियों एवं नशा के कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने पुलिस अधीक्षक धमतरी के द्वारा



निर्देश दिये गये हैं। जिसके परिपालन में मंगलवार को नव पदस्थ थाना प्रभारी भखारा उपनिरी0 उमाकांत तिवारी के द्वारा अपने थाना स्टॉफ की अलग-अलग टीम बनाकर एवं महिला स्टॉफ को साथ लेकर मुखबिर की सूचना पर आरोपी रामेश्वरी देशलहरे पति सोनउ राम उम्र 49 वर्ष सा0 कोपेडीह के कब्जे से कुल 22 लीटर इसी प्रकार आरोपी रमेश कुमार बंजारे पिता दशरथ बंजारे उम्र 32 वर्ष सा0 कोपेडीह के कब्जे से कुल 20 लीटर हाथ भट्टी से बना महुआ शराब को अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने पर कार्यवाही किया। मौके पर दोनो आरोपियो के कब्जे से कुल 04 नग प्लास्टिक जरकीन जिसमें हाथभट्ठी से बना महुआ शराब कुल जुमला 42 लीटर जुमला किमती 4200/- रूपये महुआ शराब को बिक्री करने रखे हुये मिला जिसे जप्त कर आरोपी रामेश्वरी देशलहरे एवं रमेश कुमार बंजारे के विरुध्द 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### तारमिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू

**रायपुर, 26 मार्च।** छत्तीसगढ़ विद्युत अनुज्ञापन मंडल द्वारा संचालित तारमिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल 2025 से शुरू होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 30 अप्रैल 2025 तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। यह परीक्षा जुलाई 2025 में रायपुर में आयोजित की जाएगी। रायपुर, बलौदाबाजार और गरियाबंद जिलों के आवेदक कार्यालय कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन, 246 आम बगीचा, सुंदर नगर, रायपुर से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### बैठक में ग्रामीणों ने खौली में शराब दुकान खोलने का पुरजोर विरोध किया

**रायपुर, 26 मार्च।** सत्तारूढ़ भाजपा सरकार द्वारा आसन्न आगामी आबकारी सत्र से प्रदेश में नयी शराब दूकान खोलने के निर्णय व? इसमें से एक दूकान आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खौली में खोले जाने की सुगबुगाहट से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया है । बीते कल 25 मार्च को आहूत बैठक में ग्रामीण सभा ने जहां एकमतेन शराब दूकान न खुलने देने का निर्णय लिया वहीं पंचायत ने भी ऐहतियात बतौर प्रस्ताव पारित कर शासन - प्रशासन को अवगत कराने का निर्णय लिया है ।क्षेत्र में शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने सभी नगर पंचायत व पंचायतों को? ताकीद किया है कि वे शासन - प्रशासन के दबाव में व अन्यथा अपने पंचायती क्षेत्र में शराब दूकान खोलने की अनुमति न दें क्योंकि बिना प्रस्ताव के शराब दूकान खोलना अवैधानिक होगा। ज्ञातव्य हो कि ग्राम खौली संसदीय क्षेत्र रायपुर व विधानसभा क्षेत्र आरंग के अधीन खरोरा थाना के अंतर्गत आता है । ग्रामीण सूत्रों के अनुसार एक अधिकारी द्वारा मौखिक रूप से पंचायत पर शराब दूकान खोलने प्रस्ताव देने लगातार दबाव बनाया जा रहा है । इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया है । आनन - फानन में बीते 25 मार्च को ग्रामीणों की बैठक आहूत की गयी जिसमें कथित अधिकारी का फरमान की जानकारी दी गयी।

### आजाद चौक क्षेत्र में सट्टा खेलाते 2 सटोरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर, 26 मार्च।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर श्री अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को जुआ/सट्टा खेलने एवं खिलाने वालों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 24.03.25 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत मोमिनपारा स्थित एच.एम.टी चौक में 02 व्यक्तियों द्वारा अंको में दांव लगाकर पर्ची के माध्यम से सट्टा संचालित किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने परिवार सहित सुनी शिव महापुराण की कथा

- **हम सबका परम सौभाग्य है कि मायाली में पंडित प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से शिव महापुराण कथा का हो रहा वाचनः साय**
- **मुख्यमंत्री ने परिवार सहित कथा में लिया भाग**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**रायपुर, 26 मार्च।** मुख्यमंत्री ने परिवार सहित कथा में लिया भाग, 27 मार्च को होगा कथा का समापन। मुख्यमंत्री साय आज जशपुर जिले के मायाली के मधेश्वर महादेव धाम में आयोजित 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा में सहभागी बने और भक्ति-भाव से विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर जनजाति परिवारों के साथ बैठकर कथा का श्रवण किया। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर शिव महापुराण कथा का श्रवण करने एक लाख से अधिक श्रद्धालु उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने कथावाचक पंडित श्री प्रदीप मिश्रा जी का पुष्पमाला पहनाकर एवं मधेश्वर महादेव का छायाचित्र भेंटकर अभिनंदन किया, साथ ही प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री साय के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, पवन साय, कृष्ण कुमार राय, भरत सिंह सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी – कमिश्नर श्री नरेंद्र दुग्गा, आईजी श्री अंकित गर्ग, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**27 मार्च को पुनः प्रारंभ होगी मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना-** मुख्यमंत्री साय ने श्रद्धालुजनों को संबोधित करते हुए कहा कि यह हम सबके लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है कि भगवान शिव की दिव्य कथा कहने स्वयं पंडित प्रदीप मिश्रा मधेश्वर महादेव की धरती पर पधारे हैं। यहां पाँच दिनों से चल रही शिव भक्ति की धारा से समूचा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया है। इस पावन कथा से लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति हो रही है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना का पुनः शुभारंभ 27 मार्च को किया जाएगा। इसके तहत इच्छुक श्रद्धालुओं को विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन हेतु भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि अयोध्या धाम रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत अब तक 22,000 से अधिक श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं। शिव महापुराण कथा की दिव्य धारा से विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर जनजाति के ग्रामीण भी लाभान्वित हुए। ग्राम पंडरसिली (मनोरा), बेहेराखार और भितघारा (बगीचा) से आए अनेक श्रद्धालु कथा स्थल पहुंचे। पहाड़ी कोरवा जनजाति के संतोष राम, बजरु राम, शंकर राम, दुर्गा राम और बिरहोर जनजाति के गेंदु राम, गुरुबारु राम, लाखा राम ने कहा कि शिव कथा ने हमारे अंतर्मन को छू लिया है।

## समाचार संक्षेप

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मानव मंदिर होटल का किया औचक निरीक्षण



**राजनांदगांव, 26 मार्च।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ व सुरक्षित खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा के मार्गदर्शन एवं डिप्टी कलेक्टर श्री अमीय श्रीवास्तव के नेतृत्व में संयुक्त जांच टीम का गठन कर शहर के प्रतिष्ठित मानव मंदिर होटल में अचानक दबिश दी गई। जांच दल द्वारा संचालक को मौके पर भंडारित खाद्य सामग्री के उचित व्यवस्थापन के निर्देश दिए गए एवं नागरिकों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए आवश्यक नियमों का पालन करते हुए व्यवसाय करने कहा गया। इस दौरान खाद्य अधिकारी श्री डोमेन्द्र ध्रुव द्वारा विक्रय हेतु भंडारित आलू बड़ा, कचौड़ी, बेसन, तेल अन्य खाद्य सामग्री का नमुना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया। जांच रिपोर्ट आने पर के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रतिष्ठान संचालन को आवश्यक सुधार हेतु नोटिस भी जारी किया गया है। संयुक्त जांच टीम में भूषण प्रताप, जितेन्द्र साहू, लक्ष्मी नारायण एवं पुलिस के जवान शामिल थे।

# आने वाले 4 वर्षों में सभी सुविधाएं होंगी शासकीय मेडिकल कॉलेज में : डॉ. रमन

- **शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में फिजियोथेरेपी कॉलेज की स्थापना की जाएगी**
- **4 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से कैथ लैब निर्माण करने के लिए मिली स्वीकृति**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**राजनांदगांव 26 मार्च।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल आज भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के ऑडिटोरियम में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 में इस मेडिकल कॉलेज की नींव रखी गई थी। छत्तीसगढ़ का सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेज बनाने की कल्पना है। यहां का भवन बहुत अच्छा है आने वाले 4 वर्ष के भीतर सभी सुविधाएं उपलब्ध करानी है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के वार्षिकोत्सव के अवसर पर ट्रामा यूनिट, सीटी स्कैन, एमआरआई, फिजियोथैरेपी कॉलेज, मॉड्यूलर किचन, कैथ लैब, लॉउंड्री, स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा की स्थापना जैसे कार्यों के लिए घोषणा की गई है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि स्वशासी समिति की बैठक में मेडिकल कॉलेज सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बहुत सारे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। उन्होंने कहा कि शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में फिजियोथेरेपी कॉलेज की स्थापना की जाएगी। मेडिकल कॉलेज में हृदय रोग से संबंधित मरीजों के ईलाज के लिए लैब नहीं थी इसके लिए 4 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से कैथ लैब निर्माण करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। सीएसएचडी के लिए भी 1 करोड़ 50 लाख रूपए की स्वीकृति की अनुशंसा की गई है। ट्रामा सेंटर सीसीएचबी यूनिट 7 करोड़ 10 लाख रूपए की लागत से शीघ्र निर्माण किया जाएगा। एमआरआई मशीन लगभग 30 करोड़ रूपए की लागत से खरीद कर शीघ्र लगाया जाएगा। सीटी स्कैन मशीन को तीन माह के भीतर स्थापित कर प्रारंभ किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए मॉड्यूलर किचन 50 लाख रूपए की लागत से निर्माण करने का अनुमोदन किया गया है। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों एवं अस्पताल के कपड़े धुलाई के लिए 50 लाख रूपए की लागत का उच्च गुणवत्ता का बड़ी लाउंड्री मशीन खरीदी जाएगी।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत की गुत्थी कुछ ही घंटों में सुलझी

**रायपुर, 26 मार्च।** कटघोरा थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के पास दिनांक 24 मार्च 2025 को सुबह एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने की सूचना मिली। सूचना पर कटघोरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। महज कुछ घंटों की गहन छानबीन के बाद पुलिस ने इस हत्या की गुत्थी सुलझा ली।

जांच में सामने आया कि महिला की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके पति ने ही की थी। जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमान सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा श्रीमान नीतीश ठाकुर एवं एसडीओपी श्री मिंज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम, डॉग स्क्वायड, फोरेंसिक व साइबर सेल की सहायता से जांच शुरू की गई। मृतका लता नेताम किराए के मकान में अकेली रहती थी और मजदूरी करके अपना जीवनयापन कर रही थी। 24 मार्च की सुबह उसका शव घर के सामने बाड़ी में संदिग्ध अवस्था में पाया गया।

### कवित में लेट यूवर स्कील स्पीक विषय पर प्रेरणादायक सेमिनार आयोजित



**रायपुर, 26 मार्च।** कृष्णा विकास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (KVIT) में आज "Let Your Skills Speak" विषय पर एक प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इंजीनियरिंग और डिप्लोमा के छात्र, साथ ही संस्थान के शिक्षकगण उपस्थित रहे। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य छात्रों को यह समझाना था कि केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि अपने कौशल को पहचानना और निखारना भी सफलता के लिए जरूरी है। इस अवसर पर KVIT के प्रिंसिपल श्री डी.एन. देवांगन उपस्थित रहे। उन्होंने सेमिनार की सराहना करते हुए छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने कौशल को विकसित करें और उद्योग में आने वाले नए बदलावों के अनुरूप खुद को तैयार करें। सेमिनार के मुख्य वक्ता श्री अजेन्द्र सिंह, जो संस्थान के 2022 बैच के पूर्व छात्र हैं, ने अपने अनुभव और सफलता की यात्रा साझा की। उन्हें उनकी उपलब्धियों के लिए प्रिंसिपल सर द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार का संचालन डॉ. प्रतिभा श्रीवास्तव, सुश्री निशा साहू और सुश्री चेतना चंद्राकर द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को सुगठित और ज्ञानवर्धक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि सिर्फ डिग्री लेना पर्याप्त नहीं है, बल्कि अपनी प्रतिभा को पहचानकर उसे और विकसित करना आवश्यक है। सेमिनार के दौरान छात्रों को डिजाइनिंग, इवेंट मैनेजमेंट, कम्युनिकेशन स्किल्स और करियर के नए अवसरों के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई।

# स्वास्थ्य मंत्री ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

- **मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रही सुविधाओं एवं उपचार के संबंध में ली जानकारी**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**राजनांदगांव 26 मार्च।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा एवं बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज यहां अपने एक



दिवसीय प्रवास के दौरान बसंतपुर राजनांदगांव स्थित जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य सचिव श्री अमित कटारिया, कमिश्नर चिकित्सा शिक्षा श्रीमती किरण कौशल, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड श्रीमती पद्मिनी भोई, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ. यूके चंद्रवंशी उपस्थित थे।

स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल जिला चिकित्सालय निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष, पुरूष वार्ड, हमर लैब, प्रसुति वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं, साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाले भोजन, मेडिकल स्टाफ सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मरीजों से बातचीत की और यहां उपलब्ध किए जा रहे चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। नंदई चौक निवासी मीहिर हरिहारनों ने बताया कि उन्हें कल रात से तेज बुखार है, जिसके उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती हुए। नंदई चौक निवासी नंद कुमार जांगड़े ने बताया कि बुखार के कारण चार दिन से भर्ती है।

### शिक्षक संघ ने किया पंचायत सचिव संघ की हड़ताल का समर्थन



**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**डोंगरगढ़, 26 मार्च।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ के महासचिव योगेश चौरे व मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे नेतृत्व में कोषाध्यक्ष भीषण ठाकुर , सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के अध्यक्ष हीरालाल मोर्य, संयोजक चंद्रशेखर विजयवार, सक्रिय सदस्य गुलमोहन वर्मा, फेडरेशन महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुश्री लक्ष्मी देवांगन, प्रवक्ता पुष्पांजलि चंद्राकर, सचिव मीनाक्षी हेमने , डोंगरगढ़ के धरना स्थल पंहुचकर पंचायत सचिव संघ के हड़ताल को समर्थन देते हुए मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने कहा कि पंचायत सचिव हमारे पंचायतीराज व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।भाजपा ने अपने जनघोषणा पत्र (जिसे भाजपा ने मोदी की ग्यारंटी कहती है ) में इन पंचायत सचिवों के 100 दिन में शासकीयकरण करने का वादा किया था लेकिन आज देड साल होने पर भी भाजपा सरकार इनके साथ वादाखिलाफ़ी करने पर उतारू है जिससे पंचायत सचिव हड़ताल करने को विवश है और सभी शासकीय कार्य व योजनाएं ठप पड़ी है। ब्लॉक मुख्यालय डोंगरगढ़ में विगत 17 मार्च से जारी छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के प्रांतव्यापी अनिश्चित क़ालीन हड़ताल जारी है।

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल



**राजनांदगांव 26 मार्च।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर साहू सदन बसंतपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर साहू समाज के साथ-साथ प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में साहू समाज पूरी दृढ़ता, ईमानदारी, परिश्रम एवं मजबूती के साथ खड़ा है। साहू समाज मेहनतकस होने के साथ-साथ धार्मिक प्रवृत्ति वाला है। यह एक ऐसा समाज है जो नशे से दूर रहकर राज्य के विकास में अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने भक्त माता कर्मा का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने भक्ति बल पर बालक श्रीकृष्ण का आव्हान किया था। साहू समाज के लोग वर्तमान में कृषि, प्रशासन, व्यवसाय, राजनीति सहित सभी क्षेत्रों में में आगे बढ़ रहे हैं और विकास में अपना योगदान कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने साहू समाज के निर्मित भवन में डोम निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व सांसद श्री दीपक बैज, विधायक डोंगरगांव श्री दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी श्री भोलाराम साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

## अंचल में भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई

# जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा ने दी कर्मा जयंती की बधाई

- **विभिन्न ग्रामों के कार्यक्रम में हुए शामिल सामाजिक बंधुओ ने किया स्वागत**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**नगरी, 26 मार्च।** साहू समाज के आराध्य देवी शिरोमणि भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती अंचल में साहू समाज के द्वारा बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर साहू समाज के गौरव जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा सिहावा क्षेत्र के सेमरा,पावद्वार,सांकरा बेलरगांव पंडरीपानी,गेदरा सहित विभिन्न ग्रामों में पहुंच कर कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए जहां पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सार्वा का समाजिक जनों के द्वारा बड़े ही आत्मीयता से स्वागत और सम्मान किया गया।

इसी कड़ी में घठुला परिक्षेत्र के ग्राम पांवद्वार में भक्त माता कर्मा की जयंती समारोह में साहू समाज के लोग कलश यात्रा निकाल कर माता कर्मा की जय जय कार करते हुए गलियों का भ्रमण करते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां पर माता कर्मा की पूजा अर्चना के पश्चात मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम में छोटी छोटी बच्चियों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर माता कर्मा की खिचड़ी खिलाते हुए झांकी प्रस्तुत किए, इसके बाद समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आज के उन्नत किसान व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे एवं अध्यक्षता अंगेश हिरवानी ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अरुण सर्वा ने कहा कि हमें समाज को आगे बढ़ाने के लिए एक अच्छी शिक्षा की बहुत जरूरी है तथा समय के साथ-साथ अपने कृषि को भी उन्नत बनाने की जरूरत है आज के समय में हमें समाज को एकजुट कर अपने अपने घरों में एक अच्छे संस्कार की सृजन करने की आवश्यकता है। तभी हमारा पीढ़ी और समाज उन्नति के शिखर तक पहुंचेगा, उन्होंने भक्त माता कर्मा की जीवन गाथा पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्गदर्शन पर चलने की बात कहा।

### विश्व क्षय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव, 26 मार्च।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, सभापति स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति नगर पालिक निगम राजनांदगांव श्री शैंकी बग्गा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि टीबी रोग उन्मूलन एवं शासन द्वारा टीबी रोगियों के उपचार के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जनप्रतिनिधियों एवं जनसामान्य के सहयोग से अधिक से अधिक प्रचार किया जाना चाहिए, जिससे जरूरतमंद तक मरीजों तक सुविधाओं का लाभ पहुंचे और देश को टीबी रोग से मुक्त किया जा सके। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में टीबी उन्मूलन के लिए 100 दिवसीय निक्षय निरामय जांच एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने टीबी उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक करने कहा।

## संपादकीय

# अपनी सरकार है तो कुछ उम्मीद रहती है

कोई भी राजनीतिक दल हो उसके नेताओं व कार्यकर्ता तो यह चाहते हैं कि चुनाव में उनकी पार्टी को जीतना चाहिए और बहुमत से सरकार भी बनाना चाहिए। अपनी सरकार बने यह इच्छा इसलिए तो नहीं रहती है कि राजनीतिक दल के नेता व कार्यकर्ता जनता की सेवा को व्याकुल रहते हैं। वह परेशान रहते हैं कि हमको जनता सेवा करने का मौका नहीं दे रही है। कहते सब है कि सत्ता हमारा लक्ष्य नहीं हैं लेकिन चाहते सब हैं कि चुनाव हो तो वही जीते और सत्ता उनको ही मिलनी चाहिए। अपनी पार्टी की सरकार बननी चाहिए। जब अपनी पार्टी जीत जाती है तो नेता व कार्यकर्ता बहुत खुश होते हैं कि अब उनको कई तरह से फायदा होगा। वह अपने लोगों का काम करा सकेंगे। वह अपने लोगों को पद पर नियुक्त कर सकेंगे, अपने आदमियों को सरकारी ठेका मिलेगा। राशन दुकान अपने लोगों को चलाने को मिलेगी। पीएससी में अपने लोगों को पास करा सकेंगे,शराब की अवैध बिक्री करा सकेंगे, सट्टा चलवा सकेंगे। कुल मिलाकर सब अपनी सरकार बनने पर खुश रहते हैं कि अब अपने को भी कुछ फायदा होगा, दूसरे दल की सरकार रहने पर उस दल के लोगों को फायदा होता है। अपनी पार्टी की सरकार बनने का मतलब होता है कि बड़े पैमाने पर राजनीतिक दलों के बड़े से लेकर छोटे नेता तक दोनों हाथ से बटोरने का मौका। किसी राजनीतिक दल के नेता व कार्यकर्ता कम बटोरते हैं तो किसी राजनीतिक दल के नेता ज्यादा बटोरते हैं। जो कम बटोरते हैं, उनका तो किसी को पता नहीं चलता है लेकिन जो दोनों हाथ से ज्यादा से ज्यादा बटोरते हैं, उनकी पोल सरकार जाते ही खुलती है और पता चलता है कि इतना ज्यादा बटोरने की कोशिश की गई कि जनता तक को पता चल जाता है कि यह लोग पांच साल जनता की सेवा करने नहीं दोनों हाथों से अपने परिवार और पार्टी के लिए पैसा बटोरने आए थे। राजनीतिक दल जैसा कर्म करते हैं उनको जनता वैसा फल देती है। जो राजनीतिक दल जनता की सेवा करते हैं और जनता को यह दिखता भी है तो जनता उसको एक बार नहीं कई बार सत्ता सौंपती है कि यही हमारे लिए ठीक काम करता है। जो राजनीतिक दल एक बार सत्ता मिलने पर ही जनता की सेवा को भूल जाता है और अपने परिवार व पार्टी की सेवा मे लग जाता है, जनता उसको दोबारा मौका नहीं देती हैं। जनता सब कुछ देखती है, जनता सब कुछ जानती है, जनता को ठगा नहीं जा सकता।यह बात कई बार साबित होती है जनता के फैसलों से भी इस बात का पता चलता है। जनता अगर सबकुछ नहीं देखती, जनता अगर सब कुछ नहीं जानती तो राज्य में किसी दल को तीन बार जनता मौका क्यों देती और किसी राजनीतिक दल को एक बार मौका देकर दूसरी बार मौका देने से इंकार क्यों कर देती। जनता सब कुछ देखती है, इसलिए वह समय पर सही फैसले कर पाती है। कई राजनीतिक दलों को वहम होता है कि वह सेवा का दिखावा करके जनता को ठग सकते हैं। जनता को गुमराह कर सकते हैं। जनता को इस बात पूरा पता रहता है कि जनता की सही मायने में सेवा कौन करता है और सेवा का दिखावा करता है। जनता को लगता है कि इसने सेवा की है तो उसे जनता पुरस्कार देती है और जो सेवा का दिखावा करता है उसे जनता दंड देती है। जनता सर्वशक्तिमान होती है लेकिन कुछ नेताओं को सत्ता मिलते ही इस बात का वहम हो जाता है कि वह जनता से बड़े हो गए है और वह जनता को बताते हैं हमने जनता को इतना पैसा दिया है। वह खुद को देने वाला यानी बडा और जनता को लेने वाली यानी छोटा बताते हैं। ऐसे नेताओं का भी जनता मौका आने पर बताती है कि तुम्हारी कोई हैसियत नहीं है कि तुम जनता को दे सको। जनता जानती है कि जनता के पैसे ही सरकार चलती है जनता के पैसे को जनता को कई रूपों में लौटाया जाता है। कभी योजनाओं के जरिए नगद राशि दी जाती है तो कभी योजनाओं के जरिए जनता को फायदा पहुंचाया जाता है। नेताओं के बयानों से उनके अहंकार का पता चलता है। जनता नेता के बयानों से ही समझ जाती है कि यह नेता खुद को जनता से बड़ा समझ रहा है, जनता को बता रहा है कि तुमको हमने 1.75 लाख करोड़ रुपए दिया है। जब जनता का मौका आता है तो जनता उस नेता को बता देती है कि जनता ही देने वाली है, कोई नेता जनता को देने वाला नहीं हो सकता। अगर कोई कह रहा है कि उसने जनता को दिया है तो झूठ कह रहा है। जनता को सब पता रहता है कि सत्ता का फायदा सभी राजनीतिक दल के नेता व कार्यकर्ता उठाते है। सभी दलों के नेता व कार्यकर्ता सत्ता मिलने पर फायदा चाहते भी हैं। ऐसे में पार्टी भी पार्टी व देश के लिए खून पसीना बहाने वाले नेताओं को जायज तरीके से फायदा पहुंचाना चाहती है। भाजपा के बहुत नेताओं ने आपातकाल का विरोध किया था,लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष किया था। ऐसे नेता चाहते हैं कि पार्टी की सत्ता आने पर उनको किसी तरह की सहायता मिलनी चाहिए। पार्टी का भी कर्तव्य बनता है कि वह ऐसे नेताओं की सहायता करे। भाजपा ने आपातकाल मे जेल जाने वाले नेताओं को 2008 में पेंशन योजना बनाकर मीसाबंदियों को तीन श्रेणियों में 10 हजार रुपए से लेकर 25 हजार रुपए पेंशन देती थी। कांग्रेस की सरकार आने पर 2019 में इस पर रोक लगा दी गई थी। इस बार सरकार बनने पर मीसाबंदियों को फिर से सम्मान राशि देने का फैसला किया गया और इस बार ऐसी व्यवस्था की है कि उस पर दूसरी सरकार रोक न लगा सके। इसके लिए विधानसभा में लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक लाया गया और उसे पारित कराया गया है ताकि मीसाबंदियों को राज्य में निरंतर पेंशन या सम्मान निधि मिलती रहे और उनको भाजपा सरकार के न रहने पर आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े। भाजपा मीसाबंदियों को सम्मान राशि देगी तो स्वाभाविक है कि कांग्रेस को बुरा लगेगा ही क्योंकि आपातकाल तो देश मे कांग्रेस ने ही लगाया । वह आपातकाल का सही मानती है। वह नहीं मानती है कि देश में लगाया गया आपातकाल गलत कदम था। वह तो यही मानती है कि आपातकाल जरूरी हो गया था इसलिए लगाया गया था। कई कांग्रेस नेता तो आपात काल को अनुशासन पर्व तक कहते हैं। कांग्रेस को यह बात इसलिए भी बुरी लगती है कि वह अपनी नेताओं के लिए ऐसा कुछ कर नहीं सकती क्योंकि कांग्रेस के नेता तो देश व राज्यों में सत्ता मे ही रहे हैं। सत्ता का उपयोग दुरुपयोग सबसे ज्यादा उन्होंने ही किया है। भाजपा 14 के बाद कई राज्यों व केंद्र में सत्ता में है तो उसको अब जाकर अपने देश के लिए लड़ने वाले नेताओं के लिए कुछ करने का मौका मिला है। वह कर रही है, जायज तरीके से कर रही है तो जनता भी उसका स्वागात ही करेगी। भाजपा ने देश के लिए आपातकाल के समय महीनों संघर्ष किया था, बहुत सारे नेता जेल गए थे। देश के लिए भले के लिए काम किया था इसका फल उनको सम्मान निधि के रूप में तो मिलना ही चाहिए। मीसाबंदी लोकतंत्र सेनानी है और वह भी स्वतंत्रता सेनानी से कम नहीं है। उनका सम्मान तो होना ही चाहिए।


रेल यात्रा

# रेल विकास : एक पहलू यह भी

**निर्मल रानी**



भारतीय रेल विकास के नित्य नये अध्याय लिख रहा है। अनेक तीव्रगामी ट्रेन संचालित की जा रही हैं। मुंबई-अहमदाबाद के मध्य तो हाई स्पीड रेल/ बुलेट ट्रेन चलने की योजना है।दिसंबर 2023 तक बुलेट ट्रेन संचालन की तैयारी को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। परन्तु अभी तक इसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। इसकी अधिकतम गति 320-350 किमी प्रति घंटे की बताई जा रही है।इससे भी आगे बढ़कर 1300 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हाइपर लूप चलाने का भी प्रस्ताव है। अनेक वनदे भारत सेमी हाई स्पीड ट्रेन चल चुकी हैं।इसके अतिरिक्त नमो भारत रैपिड रेल जिसे पहले वंदे भारत मेट्रो के नाम से जाना जाता था वह भी अहमदाबाद और भुज के बीच पहले से ही चल रही थी,अब दिल्ली, गाजियाबाद व मेरठ के बीच लगभग 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही है। इसी तरह अनेक रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण किया जा रहा है।अनेक प्रमुख रेल स्टेशन पर एस्केलेटर / स्वचालित सीढ़ियां लगाई गयी हैं। अनेक रेल स्टेशन पर एक प्लेटफार्म से दूसरे पर जाने के लिये लिफ़्ट लगाई गयी हैं। भीड़ भाड़ वाले स्टेशन पर नए प्लेटफॉर्म बनाये गए हैं। उधर रेल परिवहन क्षेत्र में भी बड़ी क्रांति हुई है जिसके तहत भारत के समर्पित मालवाहक गलियारे (डीएफसी) पर विशेष रेलवे ट्रैक निर्मित किये गए हैं।यह ट्रैक केवल माल परिवहन के लिए डिजाइन किये गए हैं जिनका मकसद माल ढुलाई की क्षमता और गति को बढ़ाना,माल परिवहन की दक्षता और गति में सुधार करना, मौजूदा रेल नेटवर्क पर ट्रेन की संख्या को कम करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। परन्तु इन सब के बावजूद रेल यात्रियों की सुविधा,सुरक्षा व स्वास्थ्य आदि से जुड़े अनेक बुनियादी सवाल अभी भी उसी तरह बरकरार हैं। सरकार भले ही वंदे भारत,राजधानी व शताब्दी जैसी ट्रेनों के संचालन पर इतराती हो परन्तु हक़ीकत तो यह है कि देश की अधिकांश आम जनता इनके अतिरिक्त चलने वाली दूसरी लगभग तीन हजार सामान्य मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स से ही यात्रा करती है। और इन ट्रेन्स में यात्रियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या तो बर्थ व सीट की उपलब्धता की ही है। लंबी दूरी की गाड़ियों में सामान्य कोच की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। न केवल यात्री लटक कर या दरवाजों पर खड़े होकर यात्रा करते हैं बल्कि कभी कभी तो यह यात्री शौचालय में घुसकर उसे भीतर से बंद कर अपनी यात्रा पूरी करते हैं। जिससे ट्रेन के अन्य यात्रियों को भी परेशानी होती है। और जब यही भीड़ अनियंत्रित होती ही तो स्लीपर क्लास से लेकर ए सी कोच तक में अनिधकृत रूप से घुस जाती है। ज्यादा भीड़ देखकर टिकट निरीक्षक भी उन्हें उतारने के बजाये यात्रियों से 'सुविधा शुल्क' लेकर उनकी अवैध यात्रा की अनदेखी कर देते हैं। परिणामस्वरूप आरक्षित यात्रियों व उनके सामन की सुरक्षा तो खतरे में पड़ती ही है साथ ही उन्हें वाशरूम तक पहुँचने व उसे इस्तेमाल करने में भी परेशानी होती है।



दिल्ली,पंजाब,महाराष्ट्र व दक्षिणी राज्यों से बिहार बंगाल की तरफ जाने वाली गाड़ियों में ए सी श्रेणी में उपलब्ध कराये जाने वाले कंबल व चादरों की तो दशा ही मत पूछिए। बहुत सौभाग्यशाली होता होगा वह यात्री जिसे धुली हुई चादर नसीब हो जाती हो। अन्यथा पूर्व के यात्रियों द्वारा प्रयुक्त चादरें ही तह कर और वेंडर के खाकी लिफाफे में पैक कर उसपर टेप लगाकर पुनः दूसरे यात्रयों को दे दी जाती हैं । और कंबल का तो हाल ही मत पूछिए। यह बदबूदार गंदे कंबल तो शायद कभी धोये ही नहीं जाते। देर रात जब बेडिंग आपूर्ति करने वाले स्टाफ को नींद आती है तो यही चादरें और कंबल जो बाद में यात्रियों को भी दिए जाने हैं उन्हें गंदी फर्श पर बिछा कर सो जाते हैं। और सोने में सुहागा यह की उन्हीं कोनों में लोगों ने पान खाकर भी थूका होता है जहाँ वे चादर कंबल बिछा कर सो रहे होते हैं। निश्चित रूप से इस तरह के कंबलों व चादरों का यात्रियों को आवंटित किया जाना यात्रियों के आराम व सुविधा देने से अधिक बीमारियों व संक्रमण को न्यौता जरूर देता है। रेल मंत्रालय को इस दुर्व्यवस्था से सख़्ती से निपटने की जरुरत है। मेल एक्सप्रैस ट्रेन्स में प्रायः हिजड़ों व महिलाओं के गैंग यहां तक कि सजी धजी सुन्दर लड़कियों के गिरोह सक्रिय रहते हैं। यह यात्रियों से पैसों की उगाही करते हैं। यदि कोई यात्री पैसे नहीं देता तो यह उन्हें अपमानित करने में भी नहीं हिचकिचाते। यदि कोई इज्जतदार व्यक्ति किसी मजबूरीवश निर्धारित टिकट लेकर ट्रेन यात्रा न कर सके या बेटिकट हो अथवा सामान्य टिकट लेकर जल्दबाजी में ए सी कोच में सवार हो जाये तो टिकट निरीक्षक उससे तो बड़े अपराधी की तरह पेश आता है। परन्तु यदि इसतरह के भिखारी हिजड़े या औरतें ट्रेन में मांगते फिरें और यात्रियों के सामन की सुरक्षा के लिये चिंता पैदा करें तो यही टिकट निरीक्षक ऐसे पेशेवर लोगों को कुछ नहीं कहता। गोया इन्हें रेल विभाग की तरफ से ट्रेन में फ़्री यात्रा करने व यात्रियों से पैसे ऐंठने का लाइसेंस हासिल हो ? और दूसरी महत्वपूर्ण समस्या खानपान की स्तरीय आपूर्ति की है। चाहे वह चलती गाड़ी के कोच में यात्रियों को उपलब्ध कराया जाने वाला चाय,नाश्ता खाना हो या फिर रेलवे प्लेटफॉर्म पर बिकने वाली खाने पीने की वस्तुयें किसी का भी कोई स्टैण्डर्ड नहीं है। कभी भी आपको कोई यात्री ऐसा नहीं मिलेगा जो रेल में आपूर्ति की जाने वाली चाय पान खाना आदि की तारीफ करता नजर आ जाये। परन्तु लंबे सफर में मजबूर भूखा प्यासा यात्री बार बार ऐसी अवांछित वस्तुओं को खरीदने के लिये मजबूर रहता है। ऐसे भी कई वीडीओ वायरल हो चुकी हैं जिनमें इसतरह के खाद्य वस्तुओं के तैयार होने की हक़ीकत दिखाई जा चुकी है। यानी आपूर्तिकर्ता या ठेकेदार को पैसे कमाने के सिवा यात्रियों के स्वास्थ्य या स्वाद की कोई फिक्र नहीं रहती।

जरा सोचिये कि जब मुझ जैसा आम यात्री रेल के इन कुप्रबन्धनों से भली भांति वाकिफ है तो क्या वह रेल विभाग इन बातों को जानता नहीं होगा ? इसलिये यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि यह सब रेल विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत का ही परिणाम है। रेल स्टेशन का नवीनीकरण कर या उन्हें भगवा रंग से रंग देने से यात्रियों को बुनियादी परेशानियों से निजात नहीं मिलने वाली। रेल यात्रियों को सर्वप्रथम टिकट के बदले सीट,अवांछित लोगों से उसकी सुरक्षा,सफाई,स्वच्छ व स्वस्थ खानपान जैसी चीजें चाहिये। रेल विकास का ढोल पीटने वालों को रेल यात्रियों की परेशानियों से जुड़े इन पहलुओं पर भी गौर करना चाहिये तथा इनका यथाशीघ्र समुचित समाधान भी किया जाना चाहिये।

## राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। जीवनसाथी को आप किसी नए बिजनेस की शुरूआत कर सकते हैं। आपके परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में अकस्मात गिरावट आने से आपकी भागदौड़ लगी रहेगी। आपको अपने आर्थिक प्रयासों में तेजी लानी होगी। आप किसी पूजा-पाठ आदि का अपने घर में आयोजन कर सकते हैं। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा बिल्कुल ना करें। राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए पारिवारिक रिश्तों में मजबूती लेकर आएगा। आपकी आय के सोर्स बढ़ेंगे। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति आसानी से कर सकेंगे, लेकिन आप पारिवारिक कामों को कल पर न टालें। आपके घर के किसी सदस्य को आज सम्मान की प्राप्ति हो सकती हैं। सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

मिथुन- आज का दिन नौकरीपेशा जातकों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको आज कुछ कर्ज उतारने में कठिनाइयां आएंगी। आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से आपका मन परेशान रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी से खटपट होने की संभावना है। आप किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। भाईचारे की भावना आपके मन में रहेगी। आपको किसी नए काम में सोच समझकर हाथ बढ़ाना होगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने कामों में कुछ बदलाव करेंगे, तो आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप किसी नई संपत्ति भूमि-वाहन आदि की खरीदारी करने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपको अपने भाइयों से संपत्ति को लेकर लड़ाई-झगड़ा होने की संभावना है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं। आपको किसी से कोई वादा सोच समझकर करना होगा।

सिंह- आज के दिन आपके लिए अपने आसपास रह रहे विरोधियों से सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। आपके बिजनेस में आपको कोई सरकारी टेंडर मिल सकता है। आप कुछ नई योजनाओं को शामिल करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको कोई निवेश बहुत ही सोच समझकर करना होगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आपको मन में चल रही उलझनों पूरा ध्यान देना होगा। कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा। आप किसी प्रतियोगिता में सोच समझकर हाथ बढ़ाएं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपको अचानक लाभ मिलने से खुशियां बढ़ेंगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए अकस्मात लाभ दिलाने वाला रहेगा। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको अपने बिजनेस में चल रही समस्याओं का समाधान ढूंढना होगा। भाई-बहनों से रिश्ते में यदि कुछ अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपने घर के रिनोवेशन पर भी अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। आपको कुछ ईर्ष्यालु और झगड़ालु लोगों से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। आपकी सुविधाएं बढ़ेंगी, जो आपको खुशी देंगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। पारिवारिक बिजनेस में कामों में आप कोई बदलाव करने के बारे में सोच विचारकर सकते हैं। आपको किसी दूर रहे परिजन की याद सता सकती है। आपका कोई नया शेयर मार्केट इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। आप किसी प्रॉपर्टी की डील को लेकर यदि परेशान थे, तो वह भी फाइनल होगी।

धनु- आज के दिन आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपको मित्रों और रिश्तेदारों का पूरा सहयोग मिलेगा। सामाजिक क्षेत्रों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको अपने माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालना होगा। आप अपने कामों को किसी दूसरे पर ना छोड़े, तो उन्हें पूरा करने में समस्या आएगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए इनकम के सोर्स को बढ़ाने वाला रहेगा। आपका कोई कानूनी मामला आपके लिए खुशियां लेकर आ सकता है। धर्म के कार्य में भी आप काफी ध्यान देंगे, जिससे आपके मन को सुकून मिलेगा। संतान किसी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करके आपको अच्छा लाभ देगी। आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा। जीवनसाथी को लेकर आप कहीं बाहर घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें, जिससे रुके हुए धन की आपको प्राप्ति हो सकती है। यदि आपकी कोई प्रिय व मूल्यवान वस्तु खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आप अपने खर्चो को लेकर थोड़ा सा सतर्क रहे। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है, लेकिन आप अपनी सेहत पर पूरा ध्यान दें। संतान के करियर को लेकर आपको थोड़ी टेंशन रहने वाली है, जिसके लिए आप उन्हें कुछ एग्जाम की तैयारी भी करवाएंगे। आप अपने वैवाहिक जीवन में नवीनता ला सके, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप अच्छी सोच से कार्यक्षेत्र में किसी विपरीत परिस्थिति के बाद भी माहौल को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे। आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

## कविता | निश्चित ही जीतेंगे

**(तेजेश सिंह नेगी), रायपुर**

अगर जो जीतने की प्यास है
निश्चित ही जीतेंगे
हमे है हौसला विश्वास है
निश्चित ही जीतेंगे।

बलिदान हो गए सूरमा आजाद भारत के लिए
यहां का स्वर्णिम इतिहास है
निश्चित ही जीतेंगे।

ठान ले इंसान तो पर्वत भी झुकता है
हमारी साधना अभ्यास है
निश्चित ही जीतेंगे।

तुम अपनी बात रखने से भला क्यों हिचकिचाते हो
जब अंदाज हो बिंदास तो
निश्चित ही जीतेंगे।

हिंद की फौज ने दुश्मनों को सदा ही धूल चटाई है
हमारे शत्रु का तय विनाश है
निश्चित ही जीतेंगे।

ठान ले इंसान तो पर्वत भी झुकता है
हमारी साधना अभ्यास है
निश्चित ही जीतेंगे।

जहां जाते है दिल जीत रिश्ते नए जोड़ लेते है
हमारे लहजे में मिठास है
निश्चित ही जीतेंगे।

अम्न-ओ-चैन हो विकास का विस्तार हो विश्व में
हिंद का सनातनी प्रयास है
निश्चित ही जीतेंगे।



# योगी सरकार के आठ साल वाह से आह तक

**अजय कुमार,लखनऊ**



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे कर लिये हैं,जबकि कुल मिलाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपना आठ साल पूरा कर चुके हैं। यूपी में सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री बने रहने का रिकार्ड भी योगी के नाम हो गया है। करीब 24 करोड़ आबादी को यदि योगी से पूर्व की सरकारों के तौर तरीकों की याद होगी तो वह जानते होंगे कि आठ साल पहले प्रदेश का क्या हाल था। यूपी की गणना बीमारू राज्य के रूप में होती थी। साम्प्रदायिक हिंसा,संगठित अपराध,दबंगई के बल पर जमीन पर कब्जा अखिलेश सरकार की पहचान थी। आतंकवादियों के मुकदमें वापस लिये जाते थे ।तुष्टिकरण समाजवादी सरकार की पहचान बन गई थी। दंगा पीड़ितों को उनका धर्म देखकर मुआवजा बांटने का कारनामा भी अखिलेश सरकार द्वारा किया गया था। सपा के नेता थानों तक में गुंडागर्दी करने से घबराते नहीं थे। आजम खान जैसे समाजवादी नेताओं की बदजुबानी के किस्से आम थे ।हिन्दू देवी देवताओं का अपमान समाजवादी सरकार की आदत बन गई थी। हाल यह है कि आठ साल सत्ता से बाहर रहने के बाद भी अखिलेश की राजनीति नहीं बदली है। विकास के नाम पर अखिलेश एक्सप्रेस वे और लखनऊ में मेट्रो के अलावा कुछ नहीं गिना पाते थे।

एक वह दौर था जब प्रदेश की जनता त्राहिमाम कर रही थी तो अब फाइलों में विकास नहीं उलझता है,बल्कि जमीन पर फलफूल रहा है ।अपराधी ठोके जा रहे हैं। भू माफियाओं से कब्जाई जमीन वापस ली जा रही है। संगठित अपराध करने वालों को चुन चुनकर मिटाया जा रहा है। मगर पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के प्रति धारणा बदलने में सफलता प्राप्त की है। कभी बीमारू राज्य कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश आज व्यवसाय एवं निवेश का सर्वश्रेष्ठ ठिकाना बनकर देश और दुनिया में पहचाना जा रहा है। उत्तर प्रदेश आज ह्यग्रोथ गियरह्न है। हमें विरासत में अराजकता, अव्यवस्था और अपराध के अंधकार में डूबा हुआ प्रदेश मिला था ।ऐसे राज्य को सुरक्षित परिवेश, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्कर, सुगम कनेक्टिविटी और उद्यम अनुकूल नीतियों द्वारा निवेशकों का ड्रीम डेस्टिनेशन बनाने में हम लोग सफल रहे। विगत आठ वर्षों में प्रदेश को प्राप्त हुए 45 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव इसकी पुष्टि करते हैं। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा चुका है। इनके माध्यम से 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी तथा अन्य लाखों लोगों हेतु रोजगार का सृजन हुआ है। स्थापित सत्य है कि सुरक्षा के सुपथ पर ही विकास कुलांचे भरता है और सुगम कनेक्टिविटी उसे तीव्रता प्रदान करती है। ह्यनया उत्तर प्रदेशह्न उसका जीवंत उदाहरण है।

महान चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास ही अंत्योदय है। प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार की हर योजना में यह भाव श्वास लेता है। यही कारण है कि बीते आठ वर्षों में प्रदेश सरकार ने छह करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में सफलता प्राप्त की है। प्रदेश के 15 करोड़ निर्धनों को प्रतिमाह निःशुल्क अनाज, 1.86 करोड़ से अधिक परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन, 2.86 करोड़ से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5.21 करोड़ लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक का चिकित्सा सुरक्षा कवच, 56.50 लाख से अधिक परिवारों को निःशुल्क आवास जैसे अनेक कल्याणकारी उपहारों ने प्रदेश के करोड़ों नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाया है। सभी को आवास के संकल्प की सिद्धि के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के हर उस लाभार्थी को आवासीय पट्टा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया गया है, जिनके पास भूमि नहीं थी। ऐसा करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है। यही तो है अंत्योदय। आजादी से लेकर 2017 तक प्रदेश में 12 मेडिकल कालेज थे। आज राज्य में 44 राजकीय मेडिकल कालेज और 36 निजी मेडिकल कालेजों सहित 80 मेडिकल कालेज संचालित हैं। गोरखपुर और रायबरेली में एम्स का संचालन आरंभ हो गया है। ह्यएक जनपद-एक मेडिकल कालेजह्न की संकल्पना उत्तर प्रदेश में साकार हो रही है। प्रदेश में 122 चीनी मिलें क्रियाशील हैं। मार्च, 2017 से अब तक तीन नई चीनी मिलों की स्थापना हुई है। छह चीनी मिलों का पुनसंर्चालन तथा 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार हुआ है, जिससे लगभग 1.25 लाख लोगों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है। आठ वर्षों में 46.50 लाख गन्ना किसानों को 2,80,223 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, पी.एम.स्वनिधि योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं मातृशक्ति के जीवन में सकारात्मकता का सवेरा लेकर आई हैं। ग्रामीण क्षेत्र की 95 लाख से अधिक महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ने के साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को 2,510 उचित मूल्य की दुकानों का आवंटन, ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) घर की महिला के नाम आदि जैसी रचनात्मक पहल नारी शक्ति के जीवन में सम्मान और आर्थिक प्रगति का प्रतीक हैं।

प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों ने युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनाने का युगांतरकारी कार्य किया है। वर्ष 2016 में प्रदेश की बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी जो अब तीन प्रतिशत है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के जरिये विभिन्न आयोगों एवं भर्ती बोर्ड द्वारा साढ़े आठ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली।

इनमें से 1.38 लाख से अधिक महिलाएं हैं। परीक्षाओं के शुचितापूर्ण आयोजन के लिए उ.प्र. सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) कानून लागू किया गया है, जिससे छात्रों के मन में व्यवस्था के प्रति विश्वास जागा है। आठ वर्ष हमारी आस्था, अस्मिता, आर्थिकी और सांस्कृतिक चेतना के उन्नयन का ऐतिहासिक कालखंड है ।सबसे बड़ी बात यह है कि बीते आठ वर्षों में प्रदेश में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया गया। प्रदेश में डीजल-पेट्रोल दरें देश में सबसे कम हैं। इसके बाद भी उत्तर प्रदेश राजस्व सरप्लस स्टेट के रूप में समृद्धि के नए सोपान चढ़ रहा है। इस सफलता के पीछे रामराज्य की अवधारणा ही है।

खैर,योगी राज में तमाम अच्छे कार्य हो रहे हैं तो कहा यह भी जा रहा है कि प्रदेश की सत्ता योगी तक केन्द्रित हो कर रह गई है ।बीजेपी तक के सांसदों और विधायकों की नहीं सुनी जाती है ।योगी का सख्त आदेश है कि कोई विधायक सिफारिश लेकर किसी अधिकारी या थाना-चौकी पर नहीं जायेगा,परिणाम स्वरूप ब्यूरोक्रेसी और पुलिस निरंकुश हो गई है। योगी सरकार ने निवेश आकर्षित करने और नए उद्योगों को स्थापित करने की दिशा में कई कदम उठाए, लेकिन बेरोजगारी की समस्या अभी भी बनी हुई है। सरकारी भर्तियों में देरी, पेपर लीक की घटनाएं और युवाओं को अपेक्षित संख्या में नौकरियां न मिलना एक बड़ी चुनौती रही है। वहीं योगी सरकार ने भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के दावे काफी किए, लेकिन कई विभागों में रिश्वतखोरी और सरकारी अधिकारियों की मनमानी की शिकायतें बनी हुई हैं। खासकर तहसील, थाने और नगर निकायों में भ्रष्टाचार की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं।

पेट्रोल-डीजल, खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की चीजों की महंगाई बढ़ी है। गन्ना किसानों को समय पर भुगतान न मिलने, फसलों के उचित दाम न मिलने और बिजली की बढ़ती दरों से किसान परेशान रहे हैं। सरकार ने अपराधियों पर कार्रवाई के लिए ह्यठोक दोह्न नीति अपनाई, लेकिन पुलिस की मनमानी, फर्जी एनकाउंटर और निर्दोष लोगों पर अत्याचार के आरोप भी लगे। थानों में दलितों, पिछड़ों और गरीबों की सुनवाई न होने की शिकायतें अक्सर आती रही हैं। योगी सरकार की बुलडोजर नीति को एक तरफ सख्त कार्रवाई का उदाहरण बताया जाता है, लेकिन विपक्ष इसे पक्षपातपूर्ण और गरीबों के खिलाफ करार देता है। कई मामलों में बिना कानूनी प्रक्रिया पूरी किए ही घरों और दुकानों को ढहा दिया गया, जिससे विवाद हुआ। उधर, कई सरकारी योजनाओं की घोषणाएं हुईं, लेकिन उनका लाभ सभी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाया। पीएम आवास योजना, मुफ्त राशन योजना और स्वरोजगार योजनाओं में भ्रष्टाचार और भेदभाव की काफी शिकायतें सामने आईं हैं ।कुल मिलाकर योगी सरकार की वाह-वाह भी खूब हो रही है,वहीं कुछ लोगों को लगता है कि योगी राज में जनता कराह रही है ।उसकी आह को कोई सुनने वाला नहीं है।

# माता कर्मा की भक्ति मीरा,शबरी से कम नहीं:खेम सिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,26 मार्च।** क्षेत्रीय साहू समाज के द्वारा शहर के तेतरकुटी में धूमधाम से भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती मनाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेतरकुटी में प्रातः 10 बजे भव्य कलश यात्रा निकली गई। कार्यक्रम स्थल में हवन और पूजन कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खेमसिंग देवांगन, अध्यक्षता मदन लाल सार्वा, विशिष्ट अतिथि आशीष कुमार साहू नायब तहसीलदार, पार्षद गण श्याम सुंदर, श्रीमती आशा साहू, बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा आदि रहे। इस दौरान निगम अध्यक्ष खेम सिंग देवांगन ने माता कर्मा के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माता कर्मा की भक्ति मीरा और शबरी की भक्ति से कम नहीं है, कर्मा ने अपनी भक्ति से भगवान कृष्ण को प्रेम में बांध कर उनके खिचड़ी खाने मंदिर छोड़कर आने विवश कर दिया। भगवान जगन्नाथ को लगने वाला खिचड़ी भोग प्रसाद वास्तव में माता कर्मा का ही खिचड़ी प्रसाद है। उन्होंने साहू समाज को मूलभूत सामग्री के लिये एक लाख रुपये देने की घोषणा की। सभा में समाज के लिये भू दानदाता मदन लाल सार्वा का सम्मान किया गया, साथ ही शिक्षा व खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि वाले प्रतिभाओ का सम्मान किया गया। भक्त माता की महाआरती कर भोग प्रसाद अर्पण किया गया. तत्पश्चात् महा भंडारा कराया गया. संध्या काल में सुंदरकांड का पाठ किया गया। कार्यक्रम का संचालन मलखन राम सोनवानी तथा आभार नीलमणी साहू ने जताया।




### बांटे गये नेम प्लेट

साहू समाज के द्वारा इस दौरान प्रत्येक साहू परिवार को नेम प्लेट का वितरण किया गया। समाज के अध्यक्ष गणेश राम साहू ने बताया कि हमने इस वर्ष नई शुरुवात की है कि समाज के प्रत्येक सदस्य को नेम प्लेट का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। जिसमे भक्त माता कर्मा की फोटो और साहू समाज अंकित है. इसके साथ ही मुखिया का नाम और पदनाम अंकित है।

इस दौरान गणेश राम साहू, पालन साहू, देव नारायण साहू, बुधेलाल साहू, हेमलाल साहू, मोहन लाल साहू, लाल बहादुर साहू, गंगा राम साहू, गोपी साहू, जोहन साहू,परमानंद साहू कौशिल्या साहू, लक्ष्मी साहू, उर्मिला साहू, उत्तम साहू, संतोष साहू, पंचू राम साहू, एआर साहू साहू सैकड़ों की संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।



## प्रवीरचंद्र भंजदेव को भाजपा ने श्रद्धांजलि दी

**जगदलपुर, 26 मार्च।** बस्तर के अमर शहीद महाराजा प्रवीरचन्द्र भंजदेव की 59वीं पुण्यतिथि एवं बलिदान दिवस पर मंगलवार को राजा मठ में पहुंच कर भाजपा नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रवीरचंद्र भंजदेव की पुण्यतिथि पर सभी ने शहीद महाराजा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही प्रवीरचन्द्र भंजदेव के योगदान को याद करते हुए उनके संघर्ष और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी शहादत को श्रद्धा के साथ नमन किया गया।

इस मौके पर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, पार्षद निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, दिलीप दास, खगेंद्र ठाकुर, गायत्री बघेल, उर्मिला यादव, संतोष गौर, पूनम सिन्हा, दिगम्बर राव, बी जयराम, शशिनाथ पाठक, रोशन झा, प्रेम सेठिया, विकास पांडे, प्रदीप मेश्राम, विनोद सोनी, अनिल, राजू पांडे, रितेश सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर



### नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने 20 साल की सज़ा सुनाई

**गरियाबंद, 26 मार्च।** रात के अंधेरे में एक नाबालिग को बहला फुसला कर शादी का लालच देकर अपहरण करने के आरोपी धरम नेताम उड़ीसा नवरंग पुर के दहीमाल के रहने वाले को गरियबंद के फास्ट ट्रैक न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वासनिकर ने अलग-अलग धाराओं में अलग-अलग सजा दी है जिसमे लैंगिक अपराध बालको संरक्षण 2012 के (4)(2) के तहत 20 साल तथा इसी के तहत धारा (6) मे 20 साल तथा धारा 363 के तहत 2 साल का सश्रम करवास और 1000 रू. का अर्थ तथा धारा 366 के तहत 5 वर्ष का आश्रम करवा में 2000रू के अर्थ दन्ड से दंडित किया है।देवभोग थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक नाबालिग युवती जिसकी मां का देहात देवासन हो गया था वह अपने चाची के पास रहती थी ए दिनांक 24 मार्च 23 की रात लगभग 8 से 9ः00 बजे के बीच बाथरूम जाने की बात कह नाबालिक युवती कहीं चली गई ना लोटने पर उसकी चाची ने उसकी खोज खबर ली नहीं मिलने पर उसने इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत देवभोग थाना में की देवभोग पुलिस ने खोज खबर के बाद आरोपी धरम नेताम निवासी दहीमाल थाना चांदाहांडी जिला नवरंगपुर (उड़ीसा) में छापामारी की तो उक्त अपहरित नाबालिक युवती बरामद हो गई आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया था आज इस प्रकरण पर फास्ट ट्रैक के न्यायाधीश यशवंत वासनिक करने अपने फैसले में कहा है अभियुक्त का कृत्य काफी गंभीर प्रवृत्ति का है इसलिए आरोपी को विभिन्न धाराओं में 20-20 साल तथा अन्य दो धाराओं में 2 साल और 5 साल का सश्रम कारोवास के साथ अर्थदन्ड से दंडित किया है साथ ही उन्होंने अपने आदेश में यह भी कहा है की जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा पीड़ित को प्रतिकर स्वरूप 5 लाख रुपया प्रदान किया जाए ।

### मृत्यु के सात प्रकरणों में परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर, 26 मार्च।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने और तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के सात प्रकरण में उनके निकटतम परिजनों को चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 28 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। तहसील बांदे के ग्राम पाड़ेगा निवासी 45 वर्षीय बारसु राम नरेटी की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती दशाबाई नरेटी को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार पखांजूर तहसील अंतर्गत ग्राम हनफर्सी निवासी 50 वर्षीय अर्जुन उसेंडी की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती धरमकुंवर उसेंडी, पी.व्ही. 29 योगेन्द्रनगर निवासी 16 वर्षीय बापन मंडल की तालाब में डूबने से उनके माता-पिता गोपाल मंडल और श्रीमती बीना मंडल, थानापारा पखांजूर निवासी 13 वर्षीय अमित सिंह तेजावत की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके माता-पिता महेश तेजावत और श्रीमती शोभा तेजावत, ग्राम अविनाशनगर पखांजूर की 01 वर्षीय अस्मिता मंडल की डबरी/तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर माता-पिता गोविंद मंडल और श्रीमती जमुना मंडल को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम नेवारखेड़ा निवासी 08 वर्षीय अजीत कोवाची की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर उनके माता-पिता भुवन कुमार कोवाची और श्रीमती नरेश्वरी कोवाची को चार लाख रूपए और ग्राम कोसपराली दुर्गूकांदल निवासी 40 वर्षीय बुधराम ध्रुवा की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी श्रीमती धनारो ध्रुवा को चार लाख रूपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने जिला अस्पताल दुर्ग का निरीक्षण किया

**दुर्ग, 26 मार्च ।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज जिला अस्पताल दुर्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, शिशु वार्ड, डिलीवरी वार्ड, ऑपरेशन कक्ष सहित सभी वार्डों का विस्तृत निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मरीजों एवं उनके परिजनों से उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सकीय सेवाओं के अनुभवों पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने आईसीयू, ब्लड बैंक, एनआरसी, एसएनसीयू, डीईआईसी और प्रसव विभाग का भी निरीक्षण किया और चिकित्सा अधिकारियों व चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ऑपरेशन थियेटर (ओटी) का निरीक्षण करते हुए, उन्होंने इसे मॉडल ओटी के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण कर उपलब्ध उपकरणों की स्थिति का अवलोकन किया और आवश्यक आधुनिक उपकरणों की पूर्ति करने के निर्देश दिए। साथ ही, मरीजों की सुविधा के लिए डायलिसिस यूनिट की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के अंत में स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने स्टोर रूम का अवलोकन किया और इसे अधिक व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। अस्पताल की मौजूदा सुविधाओं की सराहना करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए 5 मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति के निर्देश दिए। साथ ही, प्रसूति विभाग में डॉक्टर एवं विशेषज्ञों की आवश्यकता की मांग को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा उन्होंने दवा वितरण कक्ष का भी निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध दवाइयों की गुणवत्ता की समीक्षा की।इस अवसर पर वैशालीनगर विधायक श्री रिकेश सेन, अहिवारा विधायक श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, विधायक दुर्ग श्री ललित चन्द्राकर और गजेन्द्र यादव, महापौर श्रीमती अल्का बाघमार, स्वास्थ्य संचालक श्रीमती पदमिनी भोई, स्वास्थ्य सचिव श्री अमित कटारिया, एडीएम श्री अरविन्द एक्का, एसडीएम श्री हरवंश सिंह मिरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन एवं सह अस्पताल अधीक्षक दुर्ग श्री हेमन्त साहू, डॉ. ओपी वर्मा तथा संबंधित विभागों के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# महिला से सोने के जेवर लूटने वाला गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 मार्च।** भिलाई पीएचई विभाग में इंजीनियर दम्पती की पुत्री के गले पर चाकू अड़ाकर सोने का चेन, अंगूठी एवं 1 जोड़ी सोने की बाली लूटकर फरार आरोपी को एसीसीयू एवं थाना नेवई की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है आरोपी को ऑनलाइन सट्टा खेलने की बुरी लत लग गई थी इससे पैसे की जरूरत पूरा करने आरोपी ने अपनी एक्टिवा का नंबर प्लेट हटाकर चेहरे में स्कार्फ बांधकर घटना को अंजाम दिया था डीएसपी क्राइम अजय सिंह ने बताया कि 18 मार्च को श्रीमती सुमन साहू निवासी मरोदा सेक्टर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह आत्मानंद गार्डन से बच्चों के साथ घूमकर वापस घर जा रही थी। उसी समय एक अज्ञात एक्टिवा चालक ने रास्ता रोककर चाकू दिखाकर सोने की चेन, अंगूठी एवं कान का टाप्स लूटकर भाग गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज किया विवेचना के दौरान नेवई थाना प्रभारी राहुल बंसल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज को खंगाला गया और आसपास दुकानए बाजार के लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की। पतासाजी के दौरान सीसीटीवी में दिख रहे संदेही के हुलिये के आधार पर मुखबिर ने एक संदेही के पास मिलती-जुलती एक्टिवा होने की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदेही अर्पित साहू 26 वर्ष निवासी प्रगति नगर रिसाली को पकड़ा गया उससे पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार किया डीएसपी क्राइम ने बताया कि ऑनलाइन सट्टा खेलने की बुरी लत लग गई थी। इससे पैसे की जरूरत पूरा करने आरोपी ने अपनी एक्टिवा का नंबर प्लेट हटाकर चेहरे में स्कार्फबांधकर चाकू लेकर रात्रि करीब 9 बजे मरोदा मरोदा सेक्टर डीपीएस स्कूल के पास एक्टिवा गाड़ी को महिला के आगे रोका एक चाकू को बच्ची के गर्दन में टिकाकर मार देने का भय दिखाकर महिला से उसके सोने का चेनए अंगूठी एवं 01 जोड़ी सोने की बाली निकलवाकर वहां से भाग गया। अगले दिन सोने के आभूषण रिसाली गोल्ड कंपनी में गिरवी रखकर 85.334 रुपए प्राप्त किया आरोपी के निशानदेही पर पुलिस टीम ने रिसाली से लूट की सोने की मशरूका घटना में प्रयुक्त वाहन एक्टिवा एवं चाकू को आरोपी के गाड़ी के डिक्की से बरामद किया।


## मृत्यु के सात प्रकरणों में परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर, 26 मार्च ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने और तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के सात प्रकरण में उनके निकटतम परिजनों को चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 28 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। तहसील बांदे के ग्राम पाड़ेगा निवासी 45 वर्षीय बारसु राम नरेटी की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती दशाबाई नरेटी को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार पखांजूर तहसील अंतर्गत ग्राम हनफर्सी निवासी 50 वर्षीय अर्जुन उसेंडी की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती धरमकुंवर उसेंडी, पी.व्ही. 29 योगेन्द्रनगर निवासी 16 वर्षीय बापन मंडल की तालाब में डूबने से उनके माता-पिता गोपाल मंडल और श्रीमती बीना मंडल, थानापारा पखांजूर निवासी 1× वर्षीय अमित सिंह तेजावत की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके माता-पिता महेश तेजावत और श्रीमती शोभा तेजावत, ग्राम अविनाशनगर पखांजूर की 01 वर्षीय अस्मिता मंडल की डबरी/तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर माता-पिता गोविंद मंडल और श्रीमती जमुना मंडल को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम नेवारखेड़ा निवासी 08 वर्षीय अजीत कोवाची की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर उनके माता-पिता भुवन कुमार कोवाची और श्रीमती नरेश्वरी कोवाची को चार लाख रूपए और ग्राम कोसपराली दुर्गूकांदल निवासी 40 वर्षीय बुधराम ध्रुवा की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी श्रीमती धनारो ध्रुवा को चार लाख रूपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।


## प्रदेश के 10 जिलों में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन : डिप्टी सीएम

**भिलाई, 26 मार्च।** दुर्ग जिले में एनडीपीएस नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस और साइबर क्राइम को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से सैकड़ों की संख्या में दवा विक्रेता शामिल हुए। इस कार्यशाला का उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग और साइबर अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिए दवा विक्रेताओं को जागरूक और जिम्मेदार बनाना था। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी और जिले के पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री मंत्री विजय शर्मा ने दवा विक्रेताओं के इस संकल्प का स्वागत करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो समाज में नशाखोरी को रोकने में बड़ी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि अब पुलिस और प्रशासन खुलेआम नशा करने वालों पर सख्त कार्यवाही करेगा।

विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार 10 जिलों में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया जा रहा है। इस टास्क फोर्स का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना और नशे के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कदम उठाना है। गृहमंत्री ने यह भी कहा कि जो भी व्यक्ति नशीली दवाओं के अवैध व्यापार से संपत्ति अर्जित करेगा, उसकी संपत्ति को पूरी तरह से कुर्क किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ में नशे के खिलाफ इस तरह की सख्ती पहली बार किसी सरकार द्वारा लागू की जा रही है। विजय शर्मा ने नागपुर में हो रही हिंसक घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंत में गृहमंत्री ने दवा विक्रेताओं से अपील की कि वे नशे के खिलाफ प्रशासन कासहयोग करें और युवाओं को नशे से दूर रखने में अपनी भूमिका निभाएं। कार्यशाला में मौजूद सभी विक्रेताओं ने नशे के खिलाफ मुहिम में प्रशासनऔर पुलिस का पूरा साथ देने का भरोसा दिलाया। दवा विक्रेताओं की यह कार्यशाला छत्तीसगढ़ में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। दवा विक्रेता संघ के महासचिव अविनाश अग्रवाल ने बताया कि दुर्ग जिला दवा विक्रेता संघ ने इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण संकल्प लिया कि वे किसी भी नौजवान को बिना उचित दस्तावेजऔर डॉक्टर की पर्ची के कोई दवा नहीं देंगे। खासतौर पर नशीली दवाओं और सिरिंज जैसी वस्तुएं बिना चिकित्सकीय पर्ची केकिसी को भी नहीं बेची जाएंगी। इस अवसर पर अहिवारा विधायक डोमन लालकोर्सेवाड़ा, नारकोटिक्स आईजी अजय यादव, आईजी दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग, आईजी राजनांदगांव दीपक झा, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, महापौर दुर्गअल्का बाघमार और जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे सहित पुलिस के अनेक अधिकारी व दवा विक्रेता उपस्थित थे।

# कार्यालयीन कामकाज में हमें सामान्य शब्दों का प्रयोग करना चाहिए:प्रवीण



**भिलाई, 26 मार्च ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के वित्त एवं लेखा विभाग में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार चोखानी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम ने कहा कि हिंदी में कार्यालयीन कामकाज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें सामान्य एवं सफलतापूर्वक लिखे व बोले जाने वाले शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन के लिए वित्त एवं लेखा विभाग पूर्ण प्रतिबद्ध तथा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने हिंदी के भरपूर प्रचार-प्रसार हेतु प्रत्येक तिमाही में कार्यशाला के आयोजन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि समयाभाव अथवा अन्य किसी भी कारण से कार्यशाला का आयोजन नहीं रुकना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार चोखानी ने कहा कि हिंदी में कार्यालयीन कार्य करने के लिए हम सभी पूर्णतः संकल्पित हैं। हमें अपने सभी साथियों को इसके लिए व्यक्तिगत रूप से प्रेरित करना है। सामूहिक प्रयासों से ही हम सफल हो सकते हैं। विभाग द्वारा हिंदी को प्रोत्साहन के लिए विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि सभी कार्मिक हिंदी में कार्य करने को प्रेरित हों। कार्यक्रम में महाप्रबंधकगण आशीष कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार शर्मा, ललित खन्ना, प्रकाश कोलकोण्डी एवं रजत रंजन जाना, उप महाप्रबंधक सुश्री अमृता गंगराडे, सहायक महाप्रबंधक अविलाष प्रसाद पंसारी एवं निलेश कुमार शुक्ला, वरिष्ठ प्रबंधक, अभिषेक कोचर एवं आनंद कुमार तिवारी, अनुभाग अधिकारीगण उज्जवल प्रसन्नो एवं सुनील कुमार शर्मा, वरिष्ठ स्टाफ सहायक सुश्री चन्द्रलता चन्द्राकर, जूनियर स्टाफ असिस्टेंट सुश्री शिखा दीक्षित, कार्यालय सहायक सुश्री दीपिका वर्मा, वरिष्ठ स्टाफ सहायक सुश्री श्रावणी डे, वरिष्ठ कार्यालय सहायक हेमंत सिंह ठाकुर, कार्यालय सहायक विश्वजीत मण्डल तथा अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में वित्तीय शब्दों के सही हिंदी वर्तनी लेखन पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके चार प्रथम पुरस्कार विजेता रहे :- प्रमोद कुमार चोखानी, मुख्य महाप्रबंधक, सुश्री अमृता गंगराडे, उप महाप्रबंधक, निलेश कुमार शुक्ला, वरिष्ठ प्रबंधक एवं सुनील कुमार शर्मा, अनुभाग अधिकारी। द्वितीय पुरस्कार सुश्री चन्द्रलता चन्द्राकर, वरिष्ठ स्टाफ सहायक, सुश्री शिखा दीक्षित, जूनियर स्टाफ असिस्टेंट तथा उज्जवल प्रसन्नो, अनुभाग अधिकारी ने प्राप्त किया। वित्त विभाग द्वारा विभागीय स्तर पर प्रत्येक तिमाही में हिंदी में सराहनीय कार्य करने के लिये कार्मिकों को पुरस्कृत किया जाता है, इस क्रम में उज्जवल प्रसन्नो, अनुभाग अधिकारी तथा हेमंत सिंह ठाकुर, वरिष्ठ कार्यालय सहायक को विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने उपस्थित जनों को हिंदी में समस्त कार्यालयीन कार्य करने की शपथ दिलाई। सहायक महाप्रबंधक एवं विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी सुश्री स्मिता जैन ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अनुभाग अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने किया।

### सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने किया रंगारंग होली मिलन का आयोजन

**भिलाई, 26 मार्च ।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा होली मिलन के साथ रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के भवन ब्रह्म प्रकाश भवन में समाज द्वारा होली मिलन समारोह रखा गया था,जिसमें समाज के सदस्यों ने फूलों की होली भी खेली और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। समाज की महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों ने भी काफी संख्या में पहुंच कर होली खेली और रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रीति राहुल दुबे की टीम ने गीत संगीत की प्रस्तुति दी और शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी और छोटे बच्चों ने राधा कृष्ण बनकर होली खेली। फाग गीत सुनील मिश्र, चंद्रशेखर पांडे ने प्रस्तुत किया। महिला मंडली ने भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शशि प्रभा मिश्रा ने भी गीत और नृत्य प्रस्तुत किया और बच्चों ने शिव तांडव स्त्रोत की प्रस्तुति दी। गीत संगीत के साथ वाद्य यंत्रों से संगीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा, महासचिव रामलखन मिश्र ने समाज के सदस्यों को होली मिलन समारोह पर बधाई देते हुए कहा कि समाज के सदस्यों से संगठित होकर कार्य करने की बात कही और शानदार कार्यक्रम दिए जाने पर खुशी जताई। कार्यक्रम में दिनेश मिश्र, कैलाश पाठक, संजय मिश्र, सुभाष चंद्र तिवारी, अन्नू पांडे, लालिमा तिवारी, रुखमणी मिश्र, मीनाक्षी मिश्रा, किरण दुबे, पूनम उपाध्याय, किरण दुबे, रीता शर्मा, प्रीति चौबे, कुसुम मिश्रा, राहुल दुबे, एकता मिश्र, प्रदीप चंद्र पांडे, अंजू तिवारी, ममता मिश्र, वेदांत शर्मा, ईश्वर उपाध्याय उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन रामलखन मिश्र महासचिव ने किया।

# भीषण गर्मी एवं लू से बचाव के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

**बीजापुर 26 मार्च ।** संम्पूर्ण विश्व में जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापमान में औसत रूप से वृद्धि हुई है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में 15 मार्च से जून 2025 के दौरान भीषण गर्मी पड़ने एवं लू चलने की संभावना है। गर्मी के कारण जन मानस का स्वास्थ्य प्रभावित होता है, जिससे लू लगना एवं मौसमी जलजनित संक्रामक बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। गर्मी के कारण लू लगने से बचाव तथा जलजनित संक्रामक बीमारियों से बचाव, रोकथाम एवं उपचार हेतु पूर्व से तैयारियां किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

**उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए निम्न दिशा-निर्देश जारी किये गये हैः- लू के लक्षणः-** सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना,

**लू से बचाव के उपायः-** लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है।

**इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए-** बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जावें। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पीयें, अधिक समय तक धूप में न रहें, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपडे पसीने को सोखते रहें। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीयें। चक्कर आने, मितली आने पर छाया दार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निः शुल्क परामर्श लिया जावें। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में जरूरी सलाह लिया जावें।

**लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचारः-** बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगावें। अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलायें जैसे कच्चे आम का पन्ना, जलजीरा आदि। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटा देवें। शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें। पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सक या अस्पताल में इलाज के लिए ले जावें। मितानिन ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. की पैकेट हेतु संपर्क करें।

### बजरंगपुर नवागांव में 30 को कर्मा जयंती

**राजनांदगांव, 26 मार्च।** नगर इकाई साहू समाज बजरंगपुर नवागांव द्वारा 30 मार्च रविवार को भक्त माता कर्मा जयंती बड़ी धूम धाम से मनाई जाएगी द्य

इस संबंध में आयोजन की रूपरेखा तय करने एक बैठक रखी गई एवम् जिम्मेदारी सौंपी गई द्य आयोजन के संबंध मे जानकारी देते हुए समाज के सचिव अनूप साहू ने बताया की एक दिन पहले 29 मार्च को शाम 5 बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी दूसरे दिन सुबह 8 बजे बाईक रैली , 11 बजे सामूहिक पूजा अर्चना , 12 बजे स्वागत सत्कार सम्मान समारोह 1 बजे रामायण सत्संग प्रवचन 5 बजे खिचड़ी प्रसादी (भोजन) एवम 8 बजे सेवा जस झांकी झंडातलाव का कार्यक्रम होगा

### निधन

**अब्दुल रशीद खान**



**जगदलपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व इंदिरा वार्ड पार्षद अब्दुल रशीद खान का 26 मार्च को असर बाद (सुबह 4.30 बजे )निधन (इंतकाल) हो गया है। जगदलपुर स्थित कब्रिस्तान में बाद तराबी (रात्रि 10.00 बजे)कफन -दफन किया जाएगा। सनसिटी स्थित निवास स्थान से रात 9.15 बजे मरहूम को कब्रिस्तान ले जाया जाएगा।

एक नजर

## ग्राम तुमाडबरी में अवैध बोर खुदाई, बोरवेल वाहन जब्त

**महासमुंद 26 मार्च।** महासमुंद तहसील के ग्राम तुमाडबरी में बिना अनुमति के बाडी में बोरवेल खुदाई करते एक बोरवेल वाहन एवं एक स्पोर्ट वाहन को प्रशासन ने जब्त किया है। एसडीएम हरिशंकर पैंकरा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई, जिसमें बोरवेल वाहन क्रमांक सीजी04पीजे 2316 एवं सपोर्ट वाहन सीजी 04 एम जेड 0649 को जब्त किया गया।

तहसील प्रशासन को सूचना मिली थी कि ग्राम तुमाडबरी के खेमाराम साहू के बाडी में बिना किसी आधिकारिक स्वीकृति के बोर खुदाई की जा रही है। इस पर तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू एवं नायब तहसीलदार मोहित अमिला की टीम मौके पर पहुंची और खुदाई कार्य को रुकवाया। जांच में यह सामने आया कि संबंधित व्यक्ति के पास बोर खुदाई की कोई अनुमति नहीं थी। इसके बाद एसडीएम के निर्देशानुसार दोनों वाहनों को जप्त कर लिया गया।इस मौके पर मौजूद ग्रामीणों के समक्ष पंचनामा तैयार कर महासमुंद थाने में वाहनों को सुपुर्द किया गया। गौरतलब है कि बिना अनुमति के बोरवेल खुदाई करना वर्तमान में कानूनन प्रतिबंधित है। भूजल स्तर को नियंत्रित रखने और अवैध खुदाई को रोकने के लिए प्रशासन समय-समय पर सख्त कार्रवाई करता रहा है। प्रावधानों के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी नलकूप खनन की आवश्यकता होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेगें। बोरवेल खनन अथवा बोरवेल मरम्मत का कार्य पंजीकृत बोरवेल एजेंसी द्वारा ही की जाएगी। कोई भी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करना पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। प्रशासन ने किसानों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे बोरवेल खुदाई के लिए पहले आवश्यक अनुमति प्राप्त करें, अन्यथा अवैध खुदाई करने पर कानूनी कार्रवाई होगी।

## मयाली की शिव महापुराण में आरव ने धरा नन्हे बाल गणेशा का रूप



**पत्थलगांव, 26 मार्च।** शहर का नन्हा बालक आरव आलोक गर्ग ख्याति प्राप्त अंतराष्ट्रीय कथावाचवक पं.प्रदीप मिश्रा द्वारा की जा रही शिव महापुराण कथा मे नन्हे बाल गणेशा का रूप धरकर सबको चकित कर दिया। बाल गणेशा के रूप मे नन्हा आरव मानो साक्षात कैलाश से उतरकर बाल गणेशा के रूप मे मयाली आ पहुंचे हो। दिन सोमवार को मयाली मे आयोजित पं.प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से की जा शिव महापुराण का चौथा दिन था,इस दिन शिव की महिमा का बखान करने के लिए माता पार्वती एवं बाल गणेशा के साथ स्वयं भगवान शिव की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गयी थी,उनके मंच पर आते ही लाखो की संख्या मे पहुंचे श्रद्धालु स्वतः ही अपने स्थान से खडे होकर हर हर महादेव के नारे लगाने लगे। भगवान शिव की जीवंत झांकी के बीच माता पार्वती एवं बाल गणेशा का रूप बेहद आकर्षक एवं लोगो को लुभाने वाला था। स्वयं पं.प्रदीप मिश्रा ने भी जीवंत झांकी की प्रशंसा करते हुये कहा कि मानो भगवान शिव अपने परिवार के साथ मयाली आ पहुंचे हो।

मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने भी जीवंत झांकी का स्वागत किया। उन्होने भी जीवंत झांकी मे भगवान शिव एवं माता पार्वती व बाल गणेशा के रूप की प्रशंसा की। दिन सोमवार को शिव महापुराण का चौथा दिन था,जिसमे पं.प्रदीप मिश्रा ने भगवान भोलेनाथ की महिमा का गुणगान करते हुये उनके द्वारा रचित अनेक क्रियाओ के संबंध मे श्रोताओ को जानकारी दी,इस बीच मयाली का कथा स्थल श्रद्धालुओ की संख्या से खचाखच भरा हुआ था।।

# सफाई कर्मी नई व्यवस्था में संबंधित वार्ड पार्षद के घर लगाएंगे हाजिरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,26 मार्च।** नगर पालिका के सफाई कर्मियों के लिए अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर नई व्यवस्था शुरू की है। इस व्यवस्था के तहत अब सफाई कर्मी संबंधित वार्ड के पार्षद के घर अपनी उपस्थिति देंगे। इसके लिए सभी वार्डों के पार्षदों के घरों में प्रति माह का उपस्थिति पत्रक दिया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन कर्मचारी अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे।

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने इस संबंध में सफाई विभाग को निर्देश दिया है। उन्होंने सभी वार्डों में दो-दो सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने कहा है। जिस वार्ड में सफाई कर्मी की ड्यूटी है। वहीं पर उनकी उपस्थिति लगवाने का निर्देश दिया है। इसके लिए पार्षद आवास में प्रतिमाह का उपस्थिति पत्रक भी रखने कहा है, ताकि कर्मचारी अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकें। पालिकाध्यक्ष ने स्वच्छता प्रभारी को सफाई कर्मचारियों को पर्याप्त सफाई उपकरण सहित पहचान पत्र प्रदाय करने के भी निर्देश दिये हैं। श्री साहू ने कहा कि सफाई कर्मचारी नगर पालिका का प्रमुख अंग है। शहर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त रहेगी तो शहर सुंदर दिखेगा। वार्डों में सफाई को लेकर उनके पास शिकायतें नहीं पहुंचनी चाहिए और सभी सफाई सुपरवाइजर अपने वार्डों में काम कर रहे कर्मचारियों के साथ तालमेल बनाकर काम करें। प्रायः देखा जाता है कि शहरवासियों की शिकायतें रहती हैं कि सफाई कर्मचारी आम जनता की समस्याओं को अनदेखा करते हैं। जिस पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारी कोई भी हो, उसे अपनी जिम्मेदारी पुरी निष्ठा से निभानी होगी।

## सचिवों की मांग अनसुना कर मोदी की गारंटी से पीछे हट रही भाजपा: विनोद



**महासमुंद,26 मार्च।** शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल को पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने पूरी तरह जायज बताया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा ने सचिवों को शासकीय कर्मचारी बनाने का वादा किया था। भाजपा ने इसे मोदी की गारंटी बताया था। अब सरकार इस गारंटी से पीछे हट रही है। सरकार को बने सवा एक साल से ज्यादा हो गया। फिर भी आदेश जारी नहीं किया गया।पूर्व संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण जनता की पीड़ा को शासन तक पहुंचाने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर मूर्त रूप देने वाले ग्राम पंचायत के सचिव भाजपा शासन में शोषित और पीड़ित है। पूर्व में भूपेश सरकार ने अपने 5 वर्षों के कार्यकाल में पंचायत सचिवों की वेतन वृद्धि सहित विभिन्न सुविधाएं दी। जब भाजपा की सरकार सत्ता में नहीं थी, तब भाजपा नेता कर्मचारियों के मंच पर जाकर बड़ी-बड़ी ढींगे हांकती थी और आज जब वह सत्ता पर है तो बेजुबान हो गई है, उनके मुंह से शब्द नहीं निकल रहे है। सचिवों की हड़ताल से ग्रामों के मूलभूत कार्य, आवास निर्माण, पेंशन राशि, जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित पंचायत से जुड़े अनेक कार्य ठप पड़े हैं। इस हड़ताल का प्रभाव ग्रामीणों के जीवन पर पड़ रहा है। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के नागरिकों से बड़े-बड़े जुमले हांक कर सत्ता प्राप्ति का सफर तय करने वाली भाजपा की सरकार की पर्दा फाश हो चुकी है। कर्ज के सहारे चल रही ये सरकार प्रदेश की जनता को विकास का हवा हवाई सपने दिखा रही है। छग में भाजपा की सरकार से किसान, मजदूर एवं कर्मचारी-अधिकारी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं,। सवा एक साल के कार्यकाल में भाजपा की कार्पोरेट सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता को झूठा आश्वासन देकर सिर्फ ठगने का कार्य किया है। इनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। धरातल पर इनका कोई कार्य मूर्त रूप लेता नहीं दिख रहा है। सिर्फ चौक-चौराहों में पोस्टर और फ्लेक्स ही नजर आ रहे हैं, इसीलिए किसान, मजदूर एवं कर्मचारी आक्रोशित एवं परेशान है। पंचायत सचिवों सहित दैवेभो, आंगनबाड़ी, रसोइया सहित शासकीय विभागों में सेवा दे रहे हजारों कर्मचारी सड़कों पर उतर कर आंदोलन कर रहे हैं। चंद्राकर ने कहा कि सत्ता हासिल करने के लिए कर्मचारियों को मोदी की गारंटी के तहत 100 दिन में नियमित करने वाली भाजपा की सरकार आज बहरी हो चुकी है। उन्हें पंचायत सचिवों की पुकार नहीं सुनाई दे रही। अनियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगी एवं मानदेय कर्मचारियों का नियमितीकरण तो दिवा स्वप्न बन चुका है।

# हैलो मुख्यमंत्री...हमन ला तीन माह ले चावल नहीं मिलत हे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 26 मार्च।** तीन माह से ग्रामीणों को जब सस्ता राशन के तहत खाद्यान उपलब्ध नही हुआ तो उन्होंने यहा के राजस्व कार्यालय पहुंचकर लिखित में उसकी शिकायत देनी चाही,परंतु मामला उस समय अजीब हो गया जब ग्राम पंचायत खाडामाचा से शिकायत लेकर पहुंचे एक उम्र दराज बुर्जुग ने माईक को टेलिफोन समझकर उसमें अपनी समस्या की शिकायत सीधे सीएम से करने लगे। इस वाक्या को देखकर वहा सब सन्न रह गये,कुछ ने ग्रामीण का मजाक उड़ाया तो कुछ उसकी मासुमियत पर स्तब्ध होकर उसे निहार रहे थे। दरअसल आदिवासी बाहुल्य ईलाका रहने के कारण आज भी यहा के लोग बेहद सरल,सहज रहने के साथ सादगी से अपना जीवन व्यतीत कर रहे है,परंतु जब पेट की आग असहनीय स्थिति में पहुंच जाती है तो वे अपने घर से निकलकर शासन प्रशासन का दरवाजा खटखटाते है। ऐसा ही मामला दिन सोमवार को यहां के तहसील कार्यालय में देखने को मिला। जब तीन माह से राशन ना मिलने की शिकायत लेकर ग्राम पंचायत खाडामाचा के एक दर्जन से भी अधिक ग्रामीण यहां पहुंच गये,वे बकायदा अंगूठा एवं हस्ताक्षर कराकर हस्तलिखित शिकायत तहसील कार्यालय लेकर पहुंचे थे। ग्रामीणों के आने की सूचना मिलने पर वहा मीडिया के लोग भी इकट्ठा हो गये,उन्होने ग्रामीणों से राशन ना मिलने की समस्या पर बात करना चाहा,तभी एक बुजुर्ग ने मीडिया के माईक को टेलिफोन समझ लिया।।

हेलो विष्णु देव साय,राशन नही मिलत हे-तहसील कार्यालय राशन ना मिलने की शिकायत लेकर पहुंचे ग्राम खाडामाचा के 70 साल से भी अधिक के बुजुर्ग ने मीडिया के माईक को टेलिफोन समझ लिया वे सीधे हैलो विष्णुदेव साय मै ग्राम पंचायत खाडामाचा के आदमी बोलत हो,हमन ला तीन माह ले चावल नही मिलत हे,ते नेता बनेहस हमन ला चावल दिला की बात बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा सीधे माईक मे ही कही जाने लगी,जिसके बाद वहा का माहौल कुछ हास्याप्रद तो कुछ मासुमियत भरा हो गया। लोगो ने इसे ग्रामीण बुजुर्ग की मासुमियत बताया,जिसे माईक एवं टेलिफोन का अंतर भी नही पता था,वह सीधे तौर पर अपने बीच के सी.एम को अपने मन की बात माईक मे ही कह डाली।।

**पंचायतों में चल रही राशन की समस्या-**:खाद्यान अधिकारियों द्वारा सस्ता राशन वितरण के कार्य में लापरवाही बरतने के कारण ब्लाक की अधिकांश ग्राम पंचायतो मे कई-कई महिनो से राशन वितरण ना होने की समस्या अब आम बात हो गयी है। यहा के विधायक निवास मे भी एक दर्जन से भी अधिक ग्राम पंचायतो के ग्रामीण पहुंचकर कई-कई माह तक राशन ना बंटने या राशन मे कटौती होने की शिकायत कर चुके है,परंतु ग्रामीणो की समस्या पर खाद्य विभाग से जुडे अधिकारीयों द्वारा आज प्रर्यन्त तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही की जा

## अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं को पहुंचाने जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन करकेली में



**बीजापुर,26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं को पहुंचाने और उनके जीवन स्तर में व्यापक बदलाव लाने के जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्य किए जा रहे इसी क्रम में भोपालपटनम के ग्राम केरपे अंतर्गत निर्धारित शिविर का आयोजन ग्राम करकेली में रखा गया उक्त शिविर में अनुभाग भोपालपटनम के अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सीईओ जनपद पंचायत, तहसीलदार के अलावा सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुए एवं केरपे पंचायत के 10 ग्रामों से ग्रामवासी ट्रैक्टरों, मोटरसाइकिल एवं सायकल से उपस्थित होकर अपने समस्या सबंधित आवेदन पत्र जैसे जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, अन्य विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त किया गया। शिविर के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा दी गई और योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया।

# इंस्टाग्राम पर अश्लील वीडियो अपलोड कर युवती को बदनाम करने वाला जेल भेजा गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,26 मार्च।** सिटी कोतवाली गरियाबंद क्षेत्र में सोशल मीडिया के जरिए एक युवती को बदनाम करने का मामला गरियाबंद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कुरूद के रहने वाले संदेही सिधौरी खुर्द कुरूद (धमतरी) के सुगम पटेल को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया इस प्रकरण में गरियाबंद पुलिस ने धारा 67ए आईटी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया था जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में पीड़िता ने 22 मार्च को थाना सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने इंस्टाग्राम आईडी बनाकर एक युवती का अश्लील वीडियो अपलोड किया और उसमें पीड़िता का नाम, पता व मोबाइल नंबर उल्लेखित किया।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ धारा 67-ए आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली गरियाबंद निरीक्षक ओम प्रकाश यादव ने साइबर सेल की मदद से आरोपी की पहचान की और उसे हिरासत में लिया।पूछताछ के दौरान संदेही सुगम पटेल ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने पूर्व में पीड़िता और उसके पिता से हुए विवाद का बदला लेने के लिए यह हरकत की थी। उसने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर वीडियो को स्टोरी में अपलोड किया और पीड़िता का नाम, पता व मोबाइल नंबर भी शेयर किया।पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन को गवाहों के समक्ष जप्त कर लिया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुँद करने के बाद उसे साथ 7 तारीख तक के लिए जेल भेज दिया गया है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश यादव प्रधान आरक्षक दिगेश्वर साहू, योगेश्वर सिंह, मुरारी यादव, सैनिक रवि कुमार सोनवानी का विशेष योगदान रहा।

## श्रृंगीऋषि पर्वत, कर्णेश्वर मंदिर, गणेशघाट में होगा सुविधाओं का विस्तार

**धमतरी 26 मार्च ।** जिले में पर्यटन क्षेत्रों के विस्तार की पहल शुरू हो गयी है। इसके मद्देनजर कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज नगरी विकासखंड के सिहावा स्थित श्रृंगीऋषि पर्वत, कर्णेश्वर मंदिर और समीप स्थित महाकुण्ड तथा गणेश घाट का निरीक्षण कर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किये जाने वालों कार्यों को देखा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि पर्यटन क्षेत्रों के विकास से जिले को पर्यटन के क्षेत्र में अलग पहचान मिलेगी। इसके लिए आवश्यकता है कि इन क्षेत्रों में सभी मूलभूत सुविधायें उपलब्ध हो, ताकि आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानियां का सामना न करना पड़े। इस दौरान कलेक्टर ने गणेश घाट के सौंदर्यीकरण, महानदी के उद्गम स्थल के आसपास रौशनी हेतु प्रस्ताव तैयार करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण स्थल है, दूरदराज से लोग श्रृंगीऋषि मंदिर और महानदी के उद्गम स्थल को देखने प्रतिदिन आते है।

## सीआरपीएफ सुरक्षा करने के साथ ग्रामीणों को जरूरत का सामान भी बांट रही



**बीजापुर,26 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बटालियन केन्द्रीय रिर्ज व पुलिस बल,थाना- जांगला जिला-बीजापुर में नक्सल विरोधी अभियान हेतु तैनात है। इस समवाय द्वारा समय-समय पर समाज सेवा/जनकल्याण हेतु विविध कार्यक्रमो ं का आयोजन भी किया जाता है। इसी क्रम म ें जिला म ुख्यालय बीजापुर से गद्ब कि0 मी0 दुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र जांगला में दिनांक दिन मंगलवार को बटालियन केंद्रीय रिर्ज व पुलिस बल द्वारा सिविक एक्सन कार्य क्रम का आयोजन किया किया। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल के विजय प्रताप, कमाण्डेन्ट रंजन कुमार बहाली द्वितीय कमान अधिकारी, के दिषा-निर्देषान ुसार श्री संतो्या क ुमार सुमन(सहा0कमा0), कम्पनी कमाण्डर सी/ूअअ बटा0 साथ म ें निरिक्षक रामलाल कम्पनी कमाण्डर एफ/ूअअ बटा0, निरिक्षक सुमन मिन्ज,उप.नि. पोहकर सिंह, थाना प्रभारी जे. आर. बघेल एवं जवान के नेतृत्व में जनकल्याण समाजिक कार्याक्रम का आयोजन किया गया। जिसमेंग्राम जांगला सरपंच-तुलसी कोरसम, सरपंच-लाल ु राम कटलाम कंदोरजी, सरपंच- पाण्डु आलम पोटेनार, बडे तुंगाली, छोटे तुंगाली, बरदेला,माटला, बेला, तुमनार के जरुरतमंद महिला एवं पुरूषों को साईकिल, टेलिविजन, पानीभंडारण हेतु सिन्ट ेस, साडी, कम्बल, लुंगी-मछा, फुटबाल, वॉलीबाल, वॉलीबाल नेट, पतीला, डेचका भ-ेना, स्टील प्ल ेट,स्टील गिलास,चप्पल एवं स्कुली बच्चा ें को स्क ुल बै-, स्कुल डेऊस, स्टेषनरी प्ल ेटचम्मच, मच्छरदानी इत्यादी आवष्यकसामाग्री का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री संतो्या कुमार सुमन(सहा0कमा0) द्वारा जरुरतमंद लो-ों को सामान कावितरण किये जान े के उपरांत सम्बोधन में सभी उपस्थित ग्राम वासियों से कहा कि के.रि.पु.बल द्वारा इस क्षेत्र में ल-ातारजन-कल्याण हेतु इस तरह के कार्य क्रमों का आयोजन किया जा रहा है, इस क्षेत्र के निवासीयों के जन-कल्याणकारी आयोजन से हम सभी में एक दुसरे के प्रति सौहार्द बढता है, तथा लोगों को बल के प्रति सहयोग की भावना बनाए रखने हेतु प्रेरित करने के बारें में बताया इस तरह के सामाजिक उपक्रमों के जरुरत मंद लोगों के लिये अच्छी सहायता मिल जाती है। सााथ ही उन्होंने सभी बच्चों को अच्छे कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान लोगों में काफी उत्साह देखा -या। इस प्रकार के उपक्रम प्रति व्यक्त किए जाये ऐसी ग्रामीणों ने आशा ब्यक्त की। इस कार्यक्रम में जंगला, बडे तुंगाली, कन्डोरजी,जै-ुर, आ-नबाडी कार्याकर्ता, शिक्षक पंचगण सचिव तथा अन्य ग्रामीण सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहें। सिविक एक्सन कार्यक्रम में आय हुए ग्रामीणों क े मुख पर एक नई मुस्कान के साथ केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल के प्रति विष्वास का भाव एवं आभार परिलक्षित हो रहा था। इस अवसर पर उपस्थित सरपंच, पंचएवं ग्रामीणों द्वारा केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल के द्वारा उठाये गये इस कदम को सराहना की एवं जवानों कां धन्यवाद देकर आभार ब्यक्त किया।

## कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रहना होगा:जरिता



**पत्थलगांव, 26 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव सुश्री जरिता लैत फ्लाग ने जशपुर जिले में विधानसभा स्तरीय बैठक ली। बैठक की शुरुआत पत्थलगांव विधानसभा से हुई,जहां सुश्री जरिता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अनुशासन और समयपालन की अनदेखी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को अनुशासन का पालन करना सीखना होगा और पार्टी की हार-जीत से पहले खुद की समीक्षा पर ध्यान देना होगा। सुश्री जरिता ने नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में हारने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं की तारीफ करते हुए कहा कि जो पार्टी के पक्ष में मजबूती से डटे रहे, उन्होंने सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा,दूसरों पर उंगली उठाने से पहले यह देखना चाहिए कि तीन उंगलियां हमारी ओर होती हैं। उन्होंने कहा कि संगठन में जल्द ही बड़े बदलाव होंगे और कांग्रेस जिलाध्यक्षों की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण होगी। जिलाध्यक्ष चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। उन्होने कहा कि बडे पदो पर रहने वाले पदाधिकारीयों की अनुशासनहीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी,किसी भी समस्या को जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी या प्रदेश प्रभारी तक पहुंचाने की व्यवस्था होगी।।

**भाजपा सरकार पर निशाना-** सुश्री जरिता ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा जशपुर जिले को आदर्श मानती है, लेकिन यह जिला मानव तस्करी, महिला उत्पीड़न और गांजा तस्करी जैसे अपराधों का केंद्र बन गया है। स दौरान प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव विष्णुदेव सिंह, दिनेश निर्मलकर,जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव,प्रदेश महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती आरती सिंह, प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री पवन अग्रवाल,कुलविन्दर भाटिया,महेंद्र अग्रवाल, हरगोविंद अग्रवाल,रत्ना पैंकरा के अलावा कांसाबेल,कोतबा एवं पत्थलगांव क्षेत्र के कांग्रेस के सैकडो कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजुद रहे।।

# 19 साल सेवा के बाद भी कर्मचारियों को जॉब, सामाजिक सुरक्षा, मेडिकल सुविधा नहीं मिल रही

- राजस्थान में पिछले साल 9 वर्ष पूर्ण कर चुके 4966 मनरेगा कर्मियों का नियमितीकरण किया गया
- प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर नाम और शासन की पीएम आवास जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर अमलीजामा पहनाने वालो को चार माह से वेतन के लाले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 26 मार्च।** छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद योजनाओ के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार दिलाने वाले मनरेगा कर्मचारियों की स्थिति दिनड्ढबद्ब्दिन दयनीय होती गई। केंद्र शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में प्रदेश में 3 माह मे हजारो आवास पूर्ण करने के बाद भी इनकी सुध लेने वाला कोई नही हैं। प्रदेश में मनरेगा योजना अंतर्गत 10 वर्ष से अधिक सेवा अवधि पूर्ण कर चुके कर्मचारियों की बड़ी संख्या है। वर्षों सेवा देने के बाद भी इन कर्मचारियों के लिए मानव संसाधन निधि नहीं बन पाई या यूं कहें पार्टियों के चुनावी वादे विपक्ष में रहते इनके मंचों तक ही सीमित रह गई। आलम तो यह है कि इन कर्मचारियों को विगत चार माह से वेतन भी नहीं दिया गया है। जिससे क्षुब्ध और पीड़ित कर्मचारी 3 दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के माध्यम से अपनी पीड़ा सरकार को अवगत कराएंगे। 26 एवं 27 मार्च को जिले में कर्मचारी हड़ताल में रहेंगे, एवं 27 मार्च को सभी जिलों मे रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन देंगे, वही 28 मार्च को राज्यस्तरीय हड़ताल में शामिल होकर रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नाम से ज्ञापन सौंपेंगे।

छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अजय सिंह क्षत्री ने बताया कि हड़ताल के लिए जनपद जिलों में ज्ञापन सौंपा जा चुका है। बीते एक साल में मनरेगा कर्मचारी मानव संसाधन लागू कराने संघर्ष करते रहे। कमेटी भी बनी जिसे 15 दिवस में रिपोर्ट सौंपना था, किंतु प्रशासन की उदासीनता के चलते निर्णय नहीं हुआ। इसके विपरीत मनरेगा के कार्यो के अलावा कर्मचारियो पर पी एम आवास, पी एम जनमन, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य विभागो के भी कार्य लिए जा रहे है।मनरेगा महासंघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के शासन स्तर से तय सभी लक्ष्यो को मनरेगा कर्मचारियो ने अपना पसीना बहाकर दिन रात कड़ी मेहनत कर पूरा किया है। इन्हें विगत चार माह से वेतन भी नहीं दिया गया। 26 मार्च से प्रदेश भर के 12 हजार मनरेगा कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। साथ ही प्रदेश स्तर पर 28 मार्च को माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## एक नजर

### मंत्री टंकराम वर्मा आमाकोनी के नवधा रामायण में शामिल हुए

**तिल्दा नेवरा, 26 मार्च।** रामायण प्रभु श्री राम के आदर्शों का प्रकाश है, जिसमें धर्म, सत्य



और कर्तव्य की गहरी सीख मिलती है । मंत्री टंक राम वर्मा तिल्दा नेवरा ग्राम आमाकोनी (सुहेला), जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में आयोजित श्री अखण्ड नवधा रामायण समारोह में राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा शामिल हो कर नवधा रामायण में भजन प्रस्तुत कर ग्रामीणों के बीच आनंद लिया।

### देवरी में नवधा रामायण जारी

**भाटापारा, 26 मार्च।** ग्राम देवरी में श्री अखंड नवधा रामायण समारोह जारी है जो 27



मार्च तक चलेगा। नवधा रामायण समारोह देवरी भाटापारा के टोली संचालक गन्नूलाल रजक ने बताया कि यहाँ प्रति वर्ष बसंत पंचमी को होता था लेकिन इस वर्ष नहीं होने के कारण अभी हो रहा है। नवधा रामायण समारोह में आने वाले रामायण मंडली को गाँव के दानदाताओं द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाता है। सभी मंडली आकर अधिक से अधिक रामायण समारोह में शामिल होवें।

### सबरिया डेरा में चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

**बलौदाबाजार, 26 मार्च।** थाना गिधौरी पुलिस द्वारा ग्राम बलौदा के नवनिर्वाचित सरपंच,



उपसरपंच, पंच एवं ग्राम कोटवारों की उपस्थिति में बलौदा के आश्रित ग्राम सबरिया डेरा में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान सबरिया डेरा के लोगों को महिला समूह बनाकर शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु समझाइस दिया गया। इसके अतिरिक्त अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण नहीं करने एवं इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी जानकारी दिया गया।

# सयंत्रों के समीप के क्षेत्रों में पेयजल व निस्तारी की समस्या का समाधान करें: कलेक्टर

■ कलेक्टर ने की सीएसआर मद के तहत कार्यों की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 26 मार्च।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को निगमित सामाजिक उत्तरदायिव (सी एस आर) मद के तहत विभिन्न सयंत्रो को आवंटित कार्य एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी आवंटित कार्यों को समय पर पूरा कराने कहा। इसके साथ ही सयंत्र के आस -पास के क्षेत्रों मे पेयजल एवं कृषि निस्तारी की समस्या का समाधान करने सयंत्रो के इकाई प्रमुखों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि संयत्रों के समीप के क्षेत्रों मे पेयज़ल समस्या की जांच एवं निराकरण के लिए एक समिति गठित की गई है। समिति की जांच मे.सभी सहयोग करे एवं संयत्र ऐसे क्षेत्रों मे टीम भेजकर जांच करें और पेयजल की समस्या होने पर समाधान भी कराएं। उन्होंने कहा कि कंपनियों द्वारा जिन गाँवो मे पेयजल हेतु पूर्व मे जो सुविधाएं दी जाती थी वह जारी रहे। उन्होने ग्रीष्म ऋतु मे मुख्य सड़क किनारे शीतल पेयजल की व्यवस्था कराये। कलेक्टर ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण करने कहा। उन्होंने सभी कम्पनी के आवासीय कालोनियों मे अच्छी गुणवत्ता के रेन वाटर हार्वेस्टिंग अगले महीने तक निर्माण पूरा करने के निर्देश दिये।

उन्होंने संयत्र क्षेत्र के मुख्य मार्गो मे ब्लैक स्पॉट मे सडक हादसों की समीक्षा करते हुए वाहनों को यातायात नियम का पालन करने तथा माल वाहक वाहनो मे तारपोलीन से ढक कर परिवहन करने के निर्देश दिये। बैठक मे उप संचालक खनिज प्रशासन के के बंजारे सहित विभिन्न सयंत्रो के यूनिट हेड एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# महापरीक्षा अभियान में 2500 महिलाओं के अलावा 230 पुरुषों ने भाग लिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 26 मार्च।** अंतराष्ट्रीय उल्लास महापरीक्षा अभियान में विकासखंड सिमगा में 2500 महिलाओं एवं 230 पुरुषों सहित कुल 2730 नव साक्षरों ने भाग लिया। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के द्वारा परीक्षा केंद्र हथबंद, लावर, रिंगनी, दरचुरा आदर्श सिमगा का निरीक्षण किया।

इस परीक्षा में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। इसमें बुजुर्ग सास सरस्वती ध्रुव के साथ बहू संगीता ध्रुव एवं पंचूराम निर्मलकर पति के साथ चंद्रिका निर्मलकर पत्नी एव मेहतरीन बाई देवरानी उर्मिला बाई जेठानी और रजनी बाई यादव देवरानी सीताबाई यादव जेठानी जैसे कई अन्य परिवारों ने एक साथ परीक्षा दी। इस दौरान शिक्षा के प्रति ललक और पारिवारिक सदस्यों के बीच आपसी सहयोग और प्रोत्साहन भी देखने को मिला। परीक्षा का निरीक्षण करने के लिए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री ढाल सिंह ठाकुर , एबीईओ श्री चतुर सिंह ध्रुव एवं श्री किरण वर्मा सर जी के द्वारा भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि कहा कि यह नव साक्षरों के लिए महत्वपूर्ण कदम है और समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम भी है इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों और छात्राओं से बातचीत करके शिक्षण प्रक्रिया और छात्राओं की शैक्षिक समस्याओं को समझने का प्रयास किया।

### लोहे के धारदार हथियार से जानलेवा हमला, गिरफ्तार

**भाटापारा, 26 मार्च।** प्रार्थी विशाल बंजारे निवासी मेहता नगर भाटापारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 23.03.2025 की रात्रि 09:00 बजे लगभग वह मोहल्ले की ही किराना दुकान के पास खड़ा था। तभी आरोपी कल्लू ध्रुव शराब पीकर आया एवं जबरन प्रार्थी से अश्लील गाली गलौज करते हुए, उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। यह सब देखकर प्रार्थी अपने घर की तरफ दौड़ कर आया, तो आरोपी द्वारा लोहे के धारदार हथियार से प्रार्थी के सिर में घातक वार कर दिया गया, जिससे प्रार्थी को गंभीर चोटें आई है। कि रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 197/2025 धारा 296,351,117 (2),109 बीएनएस 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

# धोखाधड़ी मामले में फरार 2 आरोपी गिरफ्तार

■ परिस्थितिजन्य साक्ष्यों एवं गवाहों से पूछताछ के आधार पर फरार दोनों आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 26 मार्च।** प्रार्थी फिरंगी पटेल निवासी ग्राम सेमरा द्वारा दिनांक 19.08.2023 को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 15.09.2023 को प्रार्थी को मोबाइल के माध्यम से आरोपियों द्वारा बोला गया कि नकली नोट चलन में लाने के लिए ज्यादा नोट देकर बदले में कम पैसा लेते हैं, तो उनकी बातों में आकर प्रार्थी द्वारा शाम 06:00 बजे लगभग अपने साथ 1,50,000 ग्राम खपराडीह नाला के पास गया। तब आरोपियों द्वारा प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए, आरोपी के पास रखे 1,50,000 को लूटकर फरार हो गए। आरोपियों द्वारा प्रार्थी को ज्यादा नोट ज्यादा देंगे कहकर, लालच एवं धोखा देकर, बदले में पैसे देने के लिए बेईमानी से उत्प्रेरित कर, बुलाकर डरा धमका कर 1,50,000 लूटकर फरार हो गए। की रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में अपराध क्र. 195/2023 धारा 392,420 भादवि का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पूर्व में दो आरोपी पीतांबर बरिहा एवं जयलाल बारिहा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। कि प्रकरण में अन्य दो आरोपी फरार थे। कि इस दौरान पुलिस द्वारा जांच विवेचना कार्यवाही करते हुए परिस्थितिजन्य साक्ष्यों एवं गवाहों से पूछताछ के आधार पर आरोपी शनिलाल कश्यप एवं लोकनाथ चौहान को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर कम पैसे में ज्यादा नकली नोट देने का लालच देते हुए, उसके साथ धोखाधड़ी

## समाचार संक्षेप

# हाइवा की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

■ आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवा को आग लगाने की कोशिश की

■ पुलिस पर पत्थरबाजी एक पुलिसकर्मी घायल



**तिल्दा नेवरा, 26 मार्च।** खूनी रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से दो लोगों की मौके पर ही मौत। तिल्दा खरोरा मुख्य मार्ग की घटना। ग्राम पंचायत मढ़ी निवासी मृतक सनत कुमार साहू 54 वर्ष और प्रेम लाल निर्मलकर 50 वर्ष उर्कुरा सिलतारा रायपुर निवासी दोनो ग्राम पंचायत मढ़ी से अपने निजी काम के लिए ग्राम पंचायत ओटगन की ओर जा रहे थे तभी खरोरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार हाइवा ने अपने चपेट में ले लिया।जिससे दोनों लोगो की मौके पर ही मौत हो गई। आप को बता दे की घटना के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आस पास के लोगो ने तिल्दा पुलिस थाने में सूचना दी जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मृतक के परिजनों को घटना के सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर उचित मुवावजा की करते हुए धरने पर बैठे। साथ की ग्राम पंचायत तुलसी नेवरा के ग्रामीण जन भी उनका समर्थन करते हुए सड़क में स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग कर रहे है। घटना स्थल ग्राम पंचायत तुलसी नेवरा में भारी संख्या आस पास के थानों से पुलिस बल और मौके पर एसडीएम आशुतोष देवांगन, तहसीलदार ज्योति मसियारे, नायब तहसीलदार विपिन पटेल उपस्थित रहे देर रात ग्रामीणों को समझा बुझा कर सड़क में याता यात शुरू किया गया।

# ग्राम पौंसरी में प्रशासन ने अवैध कब्जे हटवाए

**सिमगा, 26 मार्च।** ग्राम पौंसरी में वर्षो से सरकारी स्कूल व नाले में हो रहे अवैध कब्जे से गाओं वाले परेशान चल रहे थे जिसके चलते गाओं के सरपंच चंद्रमणि साहू व पंचो के बार बार बोलने पर सत्य प्रकाश साहू ने अवैध कब्जा नहीं हटाया तब इस विषय में पौंसरी ग्राम के सरपंच व पंचो और ग्रामीणों ने मिल कर प्रशासन ने सख्त कारवाही करते हुए तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व विभाग और पुलिस बल की संयुक्त टीम ने मंगलवार को कारवाही करते हुये अतिक्रमण तोड़ वाया जो कुछ ग्राम के दंबंगों ने कब्जा रखा था ग्रामीणों के बताये अनुशार इन दबंगो ने स्कूल की बाउंड्री तोड़ कर व सैप्टिक टैंक पाटकर अवैध रूप से दिवार खड़ी की ऐसे और कारवाही में कुछ लोगो के नाम हैं जिनके ऊपर कारवाही की गई रामकुमार साहू, कुमारी



बाई, शिवचंद बंजारे, भागचरण बारले ओमप्रकास साहू और जीतेन्द्र रात्रे सहिंत अन्य लोग शामिल थे जब शासन का बुलडोजर चला तो ग्राम पौंसरी का अतिकर्मण हटा व समस्या का निराकरण हुआ।

**PUBLIC NOTICE**

PUBLIC NOTICE is hereby given under section 72 of Indian Partnership Act 1932 that the partnership Firm subsisting between Life Worth Diagnostic Centre Pvt Ltd, Dr Jawahar Agrawal, Ratnagarbha Steel Private Limited, and Sapna Singhania under the name and style of **"M/s Shri Life Worth Hospitals"** having head office at Main Road, Samta Colony, Raipur (C.G.) 492001, stands dissolved w.e.f. 22.03.2025.

Date: 22.03.2025 **Sapna Singhania**
Place: Raipur **(Partner)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**-:ईश्तहार:-**

रा.प्र.क्र./202503092300027- अ/6(अ) वर्ष-2024-25

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुजान सिंह पिता आत्माराम जाति केवर निवासी ग्राम आरवीरा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम आरवीरा पटवारी हल्का नं 15 रा.नि.मं. मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा नं0 568/3. 568/5 रकबा 0.069. 0.202 हेक्टेयर भूमि आवेदक के ऋण पुस्तिका में दर्ज है। खसरा पांचसाला वर्ष 1992-93 में खसरा नं0 568/1, 568/3, 568/5 रकबा 0.218, 0.121, 0.202 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। जिसमें बंटवारा वर्ष 2010-11 के अनुसार खसरा नं. 557/1, 568/3, 568/5 रकबा 0.093, 0.069, 0.202 हेक्टेयर भूमि बंटवारा से प्राप्त भूमि है। जिसमें आवेदक द्वारा कास्तकाबिज हो कर कास्तकारी किया जा रहा है। किन्तु आन लाईन रिकार्ड में खसरा 568/3, 568/5 रकबा 0.069, 0.202 हेक्टेयर भूमि दर्ज नहीं है। जिसके कारण आवेदक को कृषि कार्य करने में परेशानी हो रही है। आवेदक द्वारा आन लाईन रिकार्ड में खसरा 568/3, 568/5 रकबा 0.069, 0.202 हेक्टेयर भूमि आन लाईन रिकार्ड दुरूस्त करने बाबत आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, ऋण पुस्तिका पांचसाला खसरा वर्ष 1992-93, बंटवारानामा वर्ष 2010-11 की छायाप्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 07.04.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

# ग्राम छतौद में भक्त माता कर्मा जयंती मनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 26 मार्च।** साहू समाज छतौद के द्वारा साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती हर्षोल्लास से विशाल कलश शोभायात्रा, पंडवानी, के साथ मनाई गई।सर्वप्रथम माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई जिसमे कर्मा नृत्य,व गीत संगीत के साथ साहू छात्रावास से लेकर गांव के मुख्य प्रमुख मार्गो का भ्रमण गया । शोभा यात्रा के अंत में महाआरती के साथ खिचडी का भोग लगाया। अतिथियों को स्वागत कर गमछा व श्रीफल भेट किया गया, ग्राम मे महती भूमिका निभाने वाले समाज के लोगों को सम्मानित भी किया गया रात्रि में मनोरंजन के रूप मे पुराने लोकप्रिय सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में पंडवानी का आयोजन किया गया। जिसमे भी भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

अतिथियों के द्वारा सभा को संबोधित किया जिसमे प्रमुख तहसील साहू संघ तिल्दा नेवरा के अध्यक्ष पोषण साहू, पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन साहू, कोषाध्यक्ष डा. शिवकुमार साहू, रायखेडा परिक्षेत्र के अध्यक्ष रमेश कुमार साहू, सरारीडीह परिक्षेत्र के अध्यक्ष फगुआ राम साहू, जिलापंचायत क्षेत्र क्र 7 के सदस्य प्रतिनिधि सतीश कुमार वर्मा, रजिया जनपद सदस्य देव्रत शर्मा, सरपंच ओम प्रकाश ध्रुव, उपसरपंच धनीराम साहू, खुडमुड़ी के सरपंच योगेन्द्र साहू, आदि के साथ ग्राम साहू समाज के वरिष्ठ बोधी राम साहू, श्री रामाधार साहू, श्री लखन लाल साहू, श्री जनक राम साहू, एवं पंचायत से श्री केदारनाथ वर्मा रहे। ग्राम छ्तौद के साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा जानती के इस आयोजन में भारी संख्या में सभी जाती धर्म के लोगो की सहभागिता के साथ सहयोग रहा।

### आरोपियों को सजा दिलाने वाले उपनिरी सुखेन नायक को किया सम्मानित



**कसडोल, 26 मार्च।** थाना कसडोल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम असनींद में ट्रैक्टर से कुचलकर एक व्यक्ति की हत्या मामले में माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी रामसागर जायसवाल एवं संजू जायसवाल को दोष सिद्ध पाते हुए धारा 302,34 के तहत आजीवन कारावास तथा ?10,000-10,000 का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। प्रकरण में थाना कसडोल में पदस्थ उपनिरीक्षक सुखेन नायक द्वारा आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर तथा उत्कृष्ट जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए चालान माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया। अपनी तत्परता एवं उत्कृष्ट जांच विवेचना कार्यवाही से मामले में दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय से सजा दिलाने वाले उप निरीक्षक सुखेन नायक की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा इन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### बालको ने मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह

**कोरबा-बालकोनगर, 26 मार्च।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कर्मचारियों, व्यावसायिक साझेदार और समुदाय के साथ 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया। सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस वर्ष की थीम 'विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण' के तहत बालको ने सभी स्तरों पर सुरक्षा व्यवहार को सुदृढ़ करने के लिए सुरक्षा रैली, सुरक्षा सत्र, सेफ्टी मैराथन और नुक्कड़ नाटक सहित सप्ताहिक जागरूकता अभियान चलाया। कर्मचारियों एवं व्यावसायिक साझेदार की भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए कंपनी ने ड्राइवरों और ऑपरेटरों के लिए स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इसके साथ ही विभिन्न चिकित्सा जांच भी सुनिश्चित किया गया। श्रीमती दिशा शुक्ला, फैक्ट्री इंस्पेक्टर, कोरबा ने कंपनी के एक विशेष संवादात्मक सत्र हिस्सा लिया।

# जनता ने सेवा का मौका दिया है, उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करें:टंकराम वर्मा

■ राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा समरोह मे हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 26 मार्च।** नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन जिला पंचायत सभाकक्ष मे एवं सम्मान समोरह जिला ऑडिटोरियम मे मंगलवार को सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। राजस्वमंत्री श्री टंकराम वर्मा ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि अगले 5 साल के लिए जनता ने सेवा का अवसर दिया है, इन 5 वर्षो मे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करें। पण्डित दीनदयाल उपाध्यय के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी जनता के प्रतिनिधि हैं और उनका काम कराना आपका दायित्व है। अधिकारी और जनता के बीच एक सेतु का काम करना है जिससे जनता को योजनाओं का लाभ मिले। सकरात्मक सोच के साथ आगे बढ़े और जिला पंचायत के माध्यम से ग्रामीण विकास के कार्यो मे प्रगति लाएं। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि जनता ने जिस. विश्वास के साथ आपको भेजा है उस विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करना है। जनता 5 साल के कार्यो का मूल्यांकन करती है इस बात का ध्यान रखें। दुबारा तभी अवसर मिलता हैं जब जनता की विश्वास पर खरा उतारते हैं। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल,पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े एवं जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, नगर पालिका अध्यक्ष भाटापारा अश्वनी शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन वर्मा,पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, प्रमोद शर्मा, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या मे सरपंच पंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजिम, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**-:ईश्तहार:-**

ग्राम कौंदकेरा वर्ष - 2024-25
क्रमांक/Q/वाचक/ना.तह./2025
राजिम, दिनांक 19/3/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोपाल राव चौहान पिता अरविन्द चौहान निवासी ग्राम कौंदकेरा तहसील राजिम जिला गरियाबंद द्वारा अपने बुआ अंजनी बाई चौहान की मृत्यु दिनांक 09/07/2023 को होना बताया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / सर्वसाधारण को कोई आपत्ति या उजर दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 01/04/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। पश्चात् प्राप्त आपत्ति या उजर दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक //2025

**तहसीलदार राजिम जिला**
मुहर **गरियाबंद (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

फोन 07721-233326, Email- npalika-tilda@yahoo.in

क्रमांक/1273/लो.नि.वि./न.पा./2024-25 तिल्दा-नेवरा, दिनांक 26.03.2025

**तृतीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नालिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (FDR) | कार्य की समयावधि | ऑनलाईन निविदा तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 166284 | प्लेसमेंट एजेन्सी से कुशल/अर्द्धकुशल एवं उच्च कुशल श्रमिकों की आपूर्ति । | 171.74 | 129000.00 | 12 माह | अंतिम तिथि 10.04.2025 फिजिकल जमा तिथि 15.04.2025 बिड खोले जाने की तिथि 17.04.2025 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/ से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

# भूपेश बघेल के यहां दबिश सियासी बयानबाजी शुरू

■ दीपक बैज ने कहा- कांग्रेस न झुकेगी, न रुकेगी

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर,26 मार्च।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर सीबीआई की छापेमारी ने प्रदेश में एक बार फिर सियासी उबाल ला दिया है. पक्ष-विपक्ष ने नेता कड़ी टिप्पणी दे रहे हैं. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि न कांग्रेस झुकेगी, न रुकेगी. वहीं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने छापेमारी को लोकतंत्र के लिए बेहद ही खतरनाक कदम करार दिया. इन सबके बीच स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कांग्रेस के नेताओं को सीबीआई की जाँच में सहयोग करने की सलाह दी.

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा कि तमाम असफल छापों और नाकाम साजिशों के बाद, अब भाजपा ने सीबीआई को भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव के पीछे लगा दिया. आज सुबह से ही सीबीआई हमारे दोनों नेताओं के घर पर जमी हुई है, लेकिन ये सत्ता की हताशा के सिवाय कुछ नहीं. लेकिन याद रखो - न कांग्रेस झुकेगी, न कांग्रेस रुकेगी. ये लड़ाई सिर्फ नेताओं की नहीं, हर उस सच्चाई की है, जिसे सत्ता के दम पर कुचलने की कोशिश हो रही है. भाजपा याद रखे - सत्य झुकता नहीं, और अन्याय का अंत निश्चित है.

डॉ. चरण दास महंत ने एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा कि श्ष्ठ, सीबीआई ढ्ढञ्ज केंद्रीय एजेंसियों का भाजपा सरकार लगातार विपक्ष के खिलाफ उपयोग कर रही है. यह लोकतंत्र के लिए बेहद ही खतरनाक कदम है. हर नाकाम कोशिश के बाद, आज सीबीआई पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के घर पर दबिश दी है. सुबह से ही सीबीआईहमारे दोनों नेताओं के घर पर जमी हुई है, लेकिन ये सत्ता के अन्याय के सिवाय कुछ नहीं. आप सत्य एवं न्याय के पथ पर है, तो ईश्वर आपके साथ है, फिर अंतर नहीं पड़ता कौन आपके विरुद्ध है, निश्चिंत रहे, सत्य की जीत होगी, अन्याय की हार.

भूपेश सरकार में मंत्री रहे कांग्रेस नेता अमरजीत भगत ने इस प्रकरण में ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोए, औरों को शीतल करे आपहू शीतल होए दोहा कहते हुए भाजपा को हिदायत दी कि काम ऐसा कीजिए, जिससे जनमानस में अच्छा संदेश जाए. क्योंकि मुद्दई लाख बुरा चाहे तो क्या होता है, वही होता है जो मंजूरे खुदा होता है. उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल को जब-जब बड़ी जिम्मेदारी मिली, तब-तब केंद्रीय एजेंसियों को उनके पीछे छोड़ दिया गया. इससे कांग्रेस पार्टी डरने वाली नहीं है.

अभी तो नहीं है कोई चुनाव

वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सीबीआई की जाँच होती है तो सहयोग करना चाहिए. दुर्भाव से कार्य करने वाली बात नहीं करनी चाहिए. केंद्रीय एजेंसियां है, भ्रष्टाचार को संज्ञान में लेकर जाँच करती हैं. इसके पहले चुनाव से पहले कार्रवाई की बात बोलते थे, अभी तो कोई चुनाव नहीं है. ये सब राजनीति से प्रेरित बातें है. सबको सहयोग करना चाहिए.

## एक नजर

### मृणालिका ओझा की कहानी अवार्ड लिए चयनित



**रायपुर, 26 मार्च।** छत्तीसगढ़ के लिए यह गौरव की बात है कि रायपुर की डॉ. मृणालिका ओझा की बाल कहानी जंगल मितान का चयन जापान के उकियोतो इंटरनेशनल चिल्ड्रनस बुक अवार्ड्स 2025 के लिए किया गया है। यह चयन चिल्ड्रन स बुक ऑफ द ईयर के अंतर्गत किया गया है। ज्ञातव्य है कि डॉ. ओझा ने न केवल छत्तीसगढ़ की लोककथाओं पर शोध किया है अपितु छत्तीसगढ़ के रीति-रिवाज, संस्कृति आदि पर आपने अनेक शोधालेख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किए हैं। आपने दो सौ से अधिक पुस्तकों की समीक्षा का भी वृहद कार्य किया है।

### भक्त माताकर्मा की जयंती पर कैलेंडर का विमोचन

**रायपुर, 26 मार्च।** भक्त माताकर्मा जी की जयंती में कन्नौजिया साहू समाज जन कल्याण



समिति, रायपुर द्वारा अपने कार्यालीन परिसर में भक्त माताकर्मा की छाया पृष्ठ आरती के साथ का विमोचन समिति के संरक्षक सुकृत लाल साव, रामायण प्रसाद साहू, गौरीशंकर साहू, डॉ. कृष्णा कुमार साहू, उमाशंकर साहू, अजय साहू एवं अमित कुमार साहू के कर कमलों द्वारा हुआ । कार्यक्रम में भक्त माताकर्मा की पूजा अर्चना कर भक्त माता के जीवन का संक्षिप्त विवरण बताया गया एवं सभी को प्रसाद वितरण किया गया। उपहार स्वरूप समिति के सभी सदस्यों को माननीय अध्यक्ष महोदय जगदीश प्रसाद साहू द्वारा विमोचित छाया पृष्ठ की प्रति उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद साहू द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन सचिव आशीष साहू द्वारा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।

### महुआ शराब से बेचने वाले दो गिरफ्तार

**रायपुर, 26 मार्च।** नव पदस्थ थाना प्रभारी भखारा उपनिरी0 उमाकांत तिवारी द्वारा अपने थाना स्टॉफकी अलग-अलग टीम बनाकर जिसमें महिला स्टॉफको साथ लेकर मुखबिर से मिली सूचना पर आरोपिया रामेश्वरी देशलहरे पति सोनउ राम उम्र 49 वर्ष सा0 कोपेडीह के कब्जे से कुल 22 लीटर इसी प्रकार आरोपी रमेश कुमार बंजारे पिता दशरथ बंजारे उम्र 32 वर्ष सा0 कोपेडीह के कब्जे से कुल 20 लीटर हाथ भट्ठी से बना महुआ शराब को अवैध रूप से शराब रखकर बिकी करने की सुचना पर रेड कार्यवाही किया मौके पर दोनो आरोपियो के कब्जे से कुल 04 नग प्लास्टिक जरकीन जिसमें हाथभट्ठी से बना महुआ शराब कुल जुमला 42 लीटर जुमला किमती 4200/- रूपये महुआ शराब को बिक्री करने रखे हुये मिला जिसे जप्त कर आरोपी रामेश्वरी देशलहरे के विरूद्ध अपराध क्र0 34/2025 तथा आरोपी रमेश कुमार बंजारे के विरुध्द अपराध क्र0 35/25 धारा 34 (2), आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है। तथा गांव के आसपास के खेतो में आरोपियों द्वारा छिपाकर रखे महुआ लाहन करीबन 30-35 क्विंटल को मौके पर नष्ट किया गया। की गई कार्यवाही से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। इसी तरह की कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी।

### नवरात्रि में दर्शनार्थियों के लिए डोंगरगढ़ में रुकेगी 10 एक्सप्रेस ट्रेन

**रायपुर, 26 मार्च।** 30 अप्रैल से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्री के लिए डोंगरगढ़ में मां बमलेश्वरी का दरबार सज चुका है। वहीं यहां प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आने वाले हैं। इसे देखते हुए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रेलवे की ओर से यहां कई यात्री ट्रेनों के अस्थाई ठहराव की सुविधा दी है। रेलवे द्वारा 30 मार्च से 6 अप्रैल तक 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी स्टॉपेज डोंगरगढ़ में देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, दो लोकल ट्रेनों का विस्तार भी किया गया है, जिससे श्रद्धालु आसानी से अपनी यात्रा पूरी कर सकें। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल ने गाड़ी संख्या 20843/20844 ङ्क बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस, बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस, बिलासपुर-मद्रास एक्सप्रेस, बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस, रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस और अन्य प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनें को ठहराव दिया गया है। वहीं लोकल ट्रेनों का विस्तार भी किया है जिसमे डोंगरगढ़-दुर्ग-डोंगरगढ़ लोकल को अब रायपुर तक बढ़ाया गया है। रायपुर-डोंगरगढ़ लोकल को अब गोंदिया तक विस्तारित किया गया है। बिलासपुर-इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़ा गया है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी। मां बम्लेश्वरी देवी का मंदिर छत्तीसगढ़ के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है। नवरात्र पर्व के दौरान यहां विशाल मेला लगता है, जिसमें देशभर से श्रद्धालु आते हैं। इस दौरान डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि होती है, जिसे देखते हुए रेलवे ने यह विशेष सुविधा प्रदान की है।

## छापे के विरोध में कांग्रेसियों का धरना

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 26 मार्च।** सीबीआई द्वारा आज पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास एवं अन्य लोगों के यहां छापा मारे जाने के विरोध में रायपुर स्थित भूपेश बघेल के शासकीय निवास के सामने धरना दिया। कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा के अनुसार आज कांग्रेसजनों ने भूपेश बघेल के निवास के सामने धरना देकर जमकर केन्द्र सरकार के विरूद्ध नारेबाजी की। आज के धरना में जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, अजय साहू सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाग लिया। रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा भी शामिल हुए। वर्मा के अनुसार पूरे प्रदेश में धरना का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि केन्द्र सरकार की तानाशाही नीतियों का विरोध करते हैं। पूरे प्रदेश में आज भूपेश बघेल के यहां सीबीआई का छापा पड़ने पर व्यापक प्रतिक्रिया सामने आई है।

## सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने केंद्रीय राज्यमंत्री से की मुलाकात

**रायपुर, 26 मार्च।** छत्तीसगढ़ के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज दिल्ली में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान अपर मुख्य सचिव सहकारिता छत्तीसगढ़ शासन श्री सुब्रत साहू, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं श्री कुलदीप शर्मा तथा भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में छत्तीसगढ़ की सहकारी क्षेत्र में उपलब्धियों, चुनौतियों और आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री केदार कश्यप ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सहकारिता को मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में केंद्रीय राज्य मंत्री मोहोल को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि विजन को साकार करने में छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## मानसिक दिव्यांग बालिका को मिली दुबारा जिंदगी

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 26 मार्च।** समाज सेवा से आत्मिक सुख की अनुभूती होती है। परोपकार ही सच्चा धर्म है। ये विचार हैं समाजसेवी महिला सुषमा तिवारी का। गत दिनों निर्धन कन्या की सप्तपदी कराने वाली सुषमा ने एक बार फिर 'माँ' की भूमिका अदा की है। उन्होंने मानसिक दिव्यांग बालिका को 'आश्रय' प्रदान कराया है। इस बालिका की कहानी जितनी पीड़ाजनक है उतना ही सुषमा का प्रयास सराहनीय है।

इस बालिका रिया (बदला हुआ नाम) का पिता अपनी ही बड़ी बेटी से मुंह काला करने के मामले में सजा भुगत रहा है। माँ के कंधों पर पांच बच्चों के लालन-पालन का बोझ आ पड़ा भूख से बिलखते बच्चों की जठराग्नि को शांत करने माँ काम की तलाश में दर-दर भटकती रही। समाज सेवी संस्था जिंदगी न मिलेगी दुबारा, की प्रमुख सुषमा तिवारी ने इनकी दयनीय हालत देखकर इन्हें दुबारा जिंदगी का सुख दिलाने की ठान ली। बकौल सुषमा इस परिवार की दर्दनाक कहानी का मुझे पता चला तो मैं बच्चों की माँ से मिली और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने प्रेरित किया। सबसे पहले तो मैंने उन्हें सुरक्षित इलाके में किराए का मकान दिलवाया। मां जब काम पर जाती तो उनके बच्चे दिन भर घूम-घूमकर भीख मांगते थे। साथ ही असमाजिक कार्यों की ओर उनके कदम बढ़ने लगे थे। उनकी इन हरकतों से परेशान होकर मकान मालिक उन्हें मकान से निकलने कहने लगा। रिश्तेदार भी कन्नी काटने लगे। माँ को बढ़ती उम्र की बेटियों की सुरक्षा सताने लगी थी। वह अपने पति से ही बेटी की इज्जत नहीं बचा पाई थी, लिहाजा उसकी चिंता स्वाभाविक थी। सुषमा ने माँ से बात कर बेटियों को बालिका गृह व बेटे को सरकारी आश्रय केंद्र बाल आश्रम में प्रवेश दिलाने का फैसला लिया। कई दिनों के अथक प्रयास, दफ्तरों के चक्कर, लंबी कागजी कार्रवाई तथा जटिल शासकीय नियमों की प्रक्रियाओं से गुजरते हुए सुषमा ने बच्चों को सुरक्षित स्थान में पहुंचाकर ही दम लिया। इस बीच एक नई परेशानी आ खड़ी हुई। नाबालिग मानसिक दिव्यांग रिया को नियमों का हवाला देकर आश्रम से बेदखल कर दिया गया। लोगों के घरों में झाड़ू-पोछा का काम करने वाली माँ के लिए पूरे दिन घर में रहकर रिया की देखभाल करना संभव नहीं था। लिहाजा उसने रिया के पैरों में बेड़ी बांधने का फैसला लिया ताकि वह घर से बाहर न जा सके। इसकी जानकारी मिलते ही सुषमा ने सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं से बात की किंतु नतीजा निराशाजनक रहा। लंबी कोशिशों के बाद रिया को गरियाबंद जिला के आश्रय केंद्र में ममता की छांव मिली। इसमें संस्था की सदस्य नवापारा-राजिम निवासी क्षमा शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। आज रिया आश्रम में मजे से रह रही है। उसकी माँ भी बेफिक्र हो गई है। संस्था के संरक्षक अजय शर्मा के मार्गदर्शन में हेमलता तिवारी व मनीषा चंद्राकर का विशेष सहयोग रहा।

## पीएम मोदी के आगमन पूर्व तैयारियां जोरों पर

**रायपुर, 26 मार्च।** भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आगमन आगामी 30 तारीख को छत्तीसगढ़ में होने जा रहा है ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री मोदी बिलासपुर में एक आम सभा को संबोधित करने छत्तीसगढ़ पधार रहे हैं वे निजी विमान से रायपुर के विवेकानन्द विमानतल पहुंचेंगे और वहां से हेलीकॉप्टर के माध्यम से बिलासपुर प्रस्थान करेंगे उनकी सभा को लेकर पूरे प्रदेश में तैयारियां जोरों पर है भाजपा का प्रयास है कि प्रदेश भर से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता और जनता उनकी सभा में शामिल होकर प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुने जिस संबंध में भाजपा नेता पदाधिकारी तैयारियां चालू कर चुके हैं इसी कड़ी में कल रायपुर शहर जिला कार्यालय एकात्म परिसर में रायपुर शहर जिला की आम बैठक आयोजित की जा रही है जिसमें रायपुर शहर के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आहूत की जाने वाली इस आवश्यक बैठक में विशेष रूप से रायपुर जिला प्रभारी खूबचंद पारख और जगन्नाथ पाणिग्रही उपस्थित रहेंगे।

## सरकार बीएड शिक्षकों का तत्काल समायोजन करेः कांग्रेस

■ सीएस की अध्यक्षता में गठित कमेटी का निर्णय कब आयेगा?

**रायपुर, 26 मार्च।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के 2897 सहायक शिक्षक अपनी नौकरी बचाने के लिये आंदोलनरत है, धरने पर बैठे है सरकार है कि इस मामले में कोई निर्णय नहीं ले रही है। इन शिक्षकों को सरकार ने भर्ती निकाल कर प्रक्रिया पूरी करने बाद नियुक्ति दिया था। सरकार इस मामले का समाधान निकाल डीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के लिये अलग भर्ती निकाले तथा इन पहले से नियुक्ति पा चुके 2897 शिक्षकों की सेवा आगे सुनिश्चित रखने की व्यवस्था करें। इन शिक्षकों की भर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान ही हुआ था ऐसा नहीं है भाजपा सरकार बनने के बाद भी तीसरी और चौथी काउंसलिंग 9 फरवरी 2024 तथा 7 मार्च 2024 को हुई थी तथा इनकी नियुक्तियां हुई थी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बीएड शिक्षकों की बहाली के लिये सीएस की अध्यक्षता में बनाई गई कमेटी का निर्णय अभी तक क्यों नही आया सरकार ने इस साल भी बजट मे 20,000 शिक्षकों की भर्ती करने की घोषणा किया है। सरकार चाहे तो बीएड डिग्रीधारी बर्खास्त शिक्षकों को इसमें भी समायोजित कर सकती है। सीएस की अध्यक्षता वाली कमेटी के द्वारा इतने दिनों तक कोई अनुशंसा क्यों नही की जा रही है? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि इस मामले प्रभावित अधिसंख्यक शिक्षक बस्तर और सरगुजा संभाग के है तथा दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ है।

## बांग्लादेश के हिन्दुओं के साथ खड़ा है संघः पुर्णेंद्रू सक्सेना

**प्रतिनिधि सभा में पारित किए गए कई प्रस्ताव**

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 26 मार्च।** बांग्लादेश में हाल ही में हुए तख्तापलट के बाद अन्य अल्पसंख्यकों के साथ हिन्दुओं की स्थिति और कठिन हो गई है. नृशंस हत्याएं, महिलाओं के अपहरण और मतांतरण की घटनाएं सामने आ रहीं हैं. यह मानवाधिकार का हनन है. हिंदुओं के साथ-साथ अन्य अल्पसंख्यक भी इससे प्रताड़ित हैं. संघ ने ऐसे समय में बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ एक साथ खड़े रहने का प्रस्ताव पारित किया है. यह बात राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मध्यक्षेत्र संघचालक पुर्णेंद्रू सक्सेना ने कही.

प्रांत सरसंघ चालक बाबूलाल वर्मा के साथ प्रेस कांफ्रेंस करते हुए मध्यक्षेत्र संघचालक पुर्णेंद्रू सक्सेना ने बताया कि संघ की सर्वोच्च बॉडी, अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की 21 से 23 मार्च तक बेंगलुरु में बैठक हुई. इसका संचालन दत्तात्रेय होसबोले ने किया. इसमें 40 से ज्यादा संगठनों ने हिस्सा लिया. संघ के कार्य में अभूतपूर्व विकास हुआ है. मार्च 2024 और 2025 के बीच 45600 से बढ़कर 51610 जगहों पर संघ का विस्तार हुआ है. सामाजिक समरसता पर भी समीक्षा हुई. पुर्णेंद्रू सक्सेना ने बैठक में बांग्लादेश के मुद्दे पर हुई चर्चा की जानकारी देते हुए बताया कि बांग्लादेश में निरंतर बढ़ती जनसंख्या घट गई है, यह चिंता का विषय है. बांग्लादेश से आ रहे वक्तव्य दोनों देशों के बीच मतभेद पैदा कर रहा है. एक जगह पर हुई उथल-पुथल अन्य जगहों को भी प्रभावित करती है. बांग्लादेश के हिंदू समाज ने लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया है. विश्व भर के हिंदू समाज ने उन्हें समर्थन किया है. विश्व भर के अनेक नेताओं ने अपने स्तर पर इसे उठाया है. उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि सभा भारत सरकार से अनुरोध करती है कि वहां के हिंदुओं की सुरक्षा के लिए उनके अधिकारों के लिए वहां की सरकार से बातचीत करे. वहां की सरकार पर दबाव बनाकर बातचीत करे. सभी हिन्दू संगठन एक साथ होकर इसके खिलाफ आवाज उठाए. विजयादशमी के दिन आरएसएस की स्थापना को शताब्दी वर्ष होगा. इसे संघ एक अवसर के रूप में प्रयोग करेगा. हमारा जो विचार है, उसको समाज तक ले जाने का प्रयास रहेगा. मंडल स्तर पर विजयादशमी के दिन हम लोगों तक पहुंच सके, ऐसी योजना बनी है. एक विस्तृत गृह संपर्क करने की योजना भी बनाई गई है. सभी मंडलों में हिंदू सम्मेलन कराया जाए, ऐसी योजना बन रही है. जिला स्तर पर प्रमुख नागरिकों के साथ परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा. हर विमर्श, जो देश को तोड़ने वाला होता है, उसको खत्म करने का प्रयास किया जाएगा.

## एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के खिलाफ किया गैर जमानती धाराओं पर मामला दर्ज



**रायपुर, 26 मार्च।** कल दिनांक 24 मार्च 2025 को नई दिल्ली में एनएसयूआई द्वारा संसद घेराव किया गया इस दौरान देशभर से आए हजारों ह्रस्ढ्ढ कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के जंतर मंतर में संसद घेराव आंदोलन किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में यह आंदोलन रखा गया था।

इस आंदोलन में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी एवं दिल्ली प्रभारी हनी बग्गा के ऊपर दिल्ली पुलिस द्वारा गैर जमानती धाराएं लगाकर स्नढ्ढक्र दर्ज किया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी एवं दिल्ली प्रभारी हनी बागा को पुलिस द्वारा कल रात ही गिरफ्तार कर लिया गया था और आज उनकी जमानत पर रिहाई की गई दरअसल ह्रस्ढ्ढ द्वारा पांच मुद्दों को लेकर संसद घेराव किया गया है। राष्ट्रीय सचिव दिल्ली प्रभारी हनी बग्गा ने रिहाई के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि कल हमने छात्रों के हित पर देशव्यापी संसद घेराव दिल्ली की जंतर मंतर में किया था इस दौरान हमारे नेता श्री राहुल गांधी एवं हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में इस आंदोलन को किया गया जिस प्रकार केंद्र की मोदी सरकार छात्रों के साथ अन्याय कर रही है।

उन्हें शिक्षा से वंचित करने का कार्य केंद्रीय की सरकार कर रही है इसको हमारे नेता राहुल गांधी ने भी कहा है कि अब विश्वविद्यालय में लोकतंत्र खत्म हो गया है की विचारधारा वाली केंद्र की सरकार लोगों को ना शिक्षा दे पा रही है ना रोजगार इन्हीं सभी बातों को हमारे नेता ने कार्यक्रम में दोहराया और हजारों की छात्रों की संख्या देखकर केंद्र की सरकार और दिल्ली पुलिस दर चुकी है जिस कारण दिल्ली पुलिस ने हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष और मेरे ऊपर गैर जमानती धारा लगाकर हमारे आवास को कुचलना का कार्य किया है।

## सीजीएमएससी दवा और भारतमाला घोटाले की सीबीआई से कराई जायेः कांग्रेस

**रायपुर, 26 मार्च।** घोटालेबाज भाजपाईयों को बचाने के लिये साय सरकार सीजीएमएससी के दवा घोटाले और भारतमाला के मुआवजे घोटाले की इओडब्लू से जांच करवा रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार सीजीएमएससी घोटाले और भारतमाला घोटाले की जांच लीपापोती करना चाहती है दोनों ही घोटाले में भाजपा के अनेक रसूखदार नेता शामिल है।

भाजपा उनको बचाना चाहती है, इसीलिये इन दोनो घोटालों की जांच केन्द्रीय एजेंसियों से नही करवाया जा रहा है। दोनो ही योजनाओं में केन्द्र सरकार का पैसा लगा है इसमें केन्द्रीय मद में घोटाला हुआ है। अत इनकी सीबीआई से जांच करवाना चाहियें। छोटे-छोटे मामलों की जांच करने वाली सीबीआई और ईडी इस मामले की जांच क्यो नही करती है?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि लगातार मीडिया में खबरें बनने के बाद दबाव में राज्य की भाजपा सरकार ने रिएजेंट और दवा सप्लाई घोटाले की जांच की घोषणा की थी। इस मामले की लीपापोती करने ईओडब्ल्यू से जांच कराई जा रही जबकि यह केंद्रीय पैसे में घोटाला है, अतः इसकी जांच सीबीआई से होनी चाहिए। इस घोटाले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी शामिल है। उन्होंने चलती जांच के बीच सप्लाई करने वाली कंपनी को भुगतान करवा दिया। इससे साफ है कि घोटाले में मंत्री की सहभागिता है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार इस मामले में संलिप्त भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एक पूर्व मंत्री, विधायक को बचाने के लिए ईओडब्ल्यू की जांच करवा रही है। भारत माला परियोजना केंद्र सरकार की योजना है। इस मामले में मुआवजे का जो घोटाला हुआ है उसमें केंद्र सरकार के खजाने पर डाका डाला गया है।

## सांय-सांय बिक रही है नकली मिलावटी और अवैध शराब

■ भाजपा सरकार शराब की काली कमाई में डूब गयी है

**रायपुर, 26 मार्च।** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की नकली मिलावटी और अवैध शराब को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि बलरामपुर के सरकारी शराब दुकान में बियर के बोतल में गंदा पानी मिला, जगदलपुर में दर्जनों पेटी अवैध शराब मध्यप्रदेश से आए कई जिलों की सीमा पार कर अवैध शराब की निर्बाध सप्लाई बिना सत्ता के संरक्षण के संभव नहीं है। सरकारी शराब दुकानों में दो गल्ले चल रहे है। बलरामपुर के सरकारी शराब दुकान में जो बियर की बोतल में गंदा पानी निकल रहा है और ऐसे मिलावटी शराब से जो वसूली हो रही है उसका पैसा किस गल्ले में जा रहा है? नकली और मिलावटी शराब का सरगना कौन है? शराब की काली कमाई में किस-किस की हिस्सेदारी है, छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि साय सरकार के द्वारा लगातार शराबखोरी को संरक्षण देने वाले निर्णयों से प्रमाणित है कि भाजपा का शराबबंदी के लिए प्रदर्शन केवल राजनैतिक पाखंड था। साय सरकार का शराब प्रेम मनपसंद ऐप और 67 नई शराब दुकान खोलने के निर्णय से स्पष्ट है। भाजपा नेताओं का फोकस केवल कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार में है और इसके लिए प्रदेश की न

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने है कहा कि शराबबंदी को लेकर पांच सालों तक हल्ला मचाने वाले भाजपाई बताये शराबबंदी कब होगी? भाजपा के हर छोटे-बड़े नेता ने जनता के बीच घूम-घूम कर शराबबंदी के लिए बढ़-चढ़कर बातें किया था। सरकार में आने के बाद सरकार और भाजपाईयों दोनों के जुबान पर ताला लग गया है।

## ऑनलाइन सट्टा संचालित करते सटोरिया राज जसूजा गिरफ्तार

**रायपुर, 26 मार्च।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को जुआ एवं सट्टा पर पूर्णरूपेण अंकुश लगाने हेतु जुआ, सट्टा एवं ऑन लाईन सट्टा संचालित करने वालों की पतासाजी कर उन पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 24.03.25 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत स्थित गली नंबर 07 में एक व्यक्ति मोबाईल फोन के माध्यम से ऑनलाईन सट्टा संचालित कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26